RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 154 • 25:09:2024 • बुधवार • मूल्य : 5/-

# विधानसभाओं में हंगामा और कटुता चिंता का विषय : लोकसभा अध्यक्ष

**एजेंसी। नई दिल्ली**



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि विधानसभाओं में हंगामा और कटुता चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सदन सभी की भागीदारी के साथ सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों पर गरिमापूर्ण चर्चा का केंद्र बने। 10वां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए)-भारत क्षेत्र सम्मेलन के समापन पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रेस वार्ता में कहा कि इसमें सतत विकास और समावेशी विकास में विधायी निकायों की भूमिका विषय पर चर्चा हुई। बिरला ने कहा कि विधानसभाओं में हंगामा और कटुता चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर समय-समय पर पीठासीन अधिकारियों से चर्चा की गई है और पीठासीन अधिकारियों से सदन की कार्यवाही गरिमा और मर्यादा के साथ तथा भारतीय मूल्यों और मानदंडों के अनुसार संचालित करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि सदन की परंपराएं और प्रणालियां भारतीय प्रकृति की होनी चाहिए तथा नीतियां और कानून भारतीयता की भावना को मजबूत करने वाले होने चाहिए ताकि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को प्राप्त किया जा सके। बिरला ने कहा कि पीठासीन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सदन सभी की भागीदारी के साथ सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों पर गरिमापूर्ण चर्चा का केंद्र बने। किसी भी देश और राज्य के विकास में विधानसभाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए बिरला ने कहा कि हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं को जनता से जुड़ने और उनकी आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों को देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं को पारदर्शी, जवाबदेह और परिणामोन्मुखी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि विधानसभाओं के प्रभावी कामकाज के लिए नए सदस्यों को सदन के कामकाज, सदन की गरिमा और शिष्टाचार तथा जनता के मुद्दों को उठाने के लिए उनके पास उपलब्ध विधायी साधनों के उपयोग से संबंधित व्यापक प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि पीठासीन अधिकारियों को पार्टियों के बीच निरंतर और सुसंगत संवाद बनाए रखना चाहिए और राजनीति के नए मानक स्थापित करने चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि विधायी निकाय अपने राज्यों में विधानसभाओं में प्रक्रियाओं और अभिलेखों का डिजिटलीकरण कर रहे हैं और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करके जन प्रतिनिधियों की क्षमता निर्माण के लिए उपाय कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसे उपाय विधानमंडलों की दक्षता और प्रभावशीलता में सुधार करने में बहुत मददगार साबित होंगे। उन्होंने सुझाव दिया कि राज्य विधानसभाओं को डिजिटलीकरण की गति को बढ़ाना चाहिए, ताकि 'एक राष्ट्र, एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म' की परिकल्पना को साकार किया जा सके। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सम्मेलन के दौरान पीठासीन अधिकारियों द्वारा उठाए गए मुद्दों जैसे वित्तीय स्वायत्तता, सदनों के सत्रों में दिनों की संख्या में कमी, ई-विधान आदि पर आगे चर्चा की जाएगी और स्वीकार्य समाधान खोजे जाएंगे। बिरला ने उम्मीद जताई कि दो दिवसीय सम्मेलन से विधानमंडलों के कामकाज में स्पष्ट परिणाम सामने आएंगे।

उन्होंने सुझाव दिया कि पीठासीन अधिकारियों को नई सोच, नई दृष्टि के साथ काम करना चाहिए और भविष्य के लिए नए नियम और नीतियां बनानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सतत और समावेशी विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। सम्मेलन में चार अध्यक्षों और 25 स्पीकरों सहित 42 पीठासीन अधिकारियों ने अपने प्रमुख सचिवों व सचिवों और उनके साथ आए अधिकारियों के साथ भाग लिया। सम्मेलन का विषय सतत और समावेशी विकास की प्राप्ति में विधायी निकायों की भूमिका था।

## चार वर्षों में भारत से हथियार खरीदने वाला सबसे बड़ा देश बना आर्मेनिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पश्चिम एशिया और यूरोप के काकेशस क्षेत्र में स्थित पहाड़ी देश आर्मेनिया भले ही किसी अन्य देश से संघर्षरत न हो लेकिन भारत से हथियार खरीदने वाला सबसे बड़ा देश बना बना है। आर्मेनिया ने भारत से पिनाका मल्टीपल-लॉन्च रॉकेट सिस्टम, आकाश एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टम, हॉवित्जर, एंटी-टैंक रॉकेट और एंटी-ड्रोन उपकरण और गोला-बारूद की खरीद की है। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2024-25 की शुरुआत तक आर्मेनिया ने भारत से कुल 600 मिलियन डॉलर के हथियार खरीदे हैं। रक्षा मंत्रालय की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि नई दिल्ली और आर्मेनिया की राजधानी येरेवन के बीच सैन्य सहयोग निरंतर बढ़ रहा है। पिछले चार वर्षों में आर्मेनिया भारत से हथियारों का सबसे बड़ा आयातक बनकर उभरा है। आर्मेनिया ने 2022 में पहले विदेशी खरीदार के तौर पर भारत को 720 मिलियन डॉलर में 15 आकाश मिसाइल प्रणालियों का ऑर्डर दिया था। आर्मेनिया को भारत में विकसित स्वदेशी रूप से विकसित आकाश-1एस वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली 2024 के अंत में भारतीय कंपनी भारत डायनामिक्स लिमिटेड से आपूर्ति की जानी है। यह आकाश-1एस प्रणाली लड़ाकू विमानों, निर्देशित मिसाइलों और ड्रोन जैसे हवाई खतरों के खिलाफ विश्वसनीय सुरक्षा प्रदान करती है। भारतीय वित्त मंत्रालय की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिनाका मल्टीपल-लॉन्च रॉकेट सिस्टम और आकाश एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टम की खरीद पर सौदे करने के बाद पूर्व सोवियत गणराज्य आर्मेनिया भारत से हथियारों का सबसे बड़ा आयातक बन गया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि मौजूदा वित्तीय वर्ष 2024-25 की शुरुआत तक भारत से आर्मेनिया द्वारा खरीदे गए हथियारों की कुल मात्रा 600 मिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। कई मिलियन डॉलर के रक्षा सौदों के तहत अर्मेनियाई सेना को भारत में निर्मित हॉवित्जर, एंटी-टैंक रॉकेट और एंटी-ड्रोन उपकरण की आपूर्ति की जानी है।

दोनों देशों के बीच गहराते रिश्तों का असर तब दिखा, जब 2023 में येरेवन ने भारत के साथ सैन्य सहयोग को मजबूत करने के लिए नई दिल्ली में अपने दूतावास में एक रक्षा अताशे को नियुक्त किया। यह निर्णय 2022 में आर्मेनिया से भारतीय हथियार निर्माताओं के साथ कई रक्षा सौदों पर हस्ताक्षर करने के बाद आया।

## संक्षिप्त समाचार

### सुनीता विलियम्स दूसरी बार बनीं स्पेस स्टेशन की कप्तान

**वॉशिंगटन।** लगभग 4 माह से अंतरिक्ष में रह रहीं एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स को धरती पर लाने के प्रयासों के साथ उन्हे आईएसएस यानी अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन की कमान सौंपी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने ऐलान किया है कि रूसी कॉस्मोनॉट ओलेक कोनोनेंको ने स्पेस स्टेशन की कमान विलियम्स को सौंप दी है। इसे लेकर स्पेस स्टेशन पर छोटा कार्यक्रम भी आयोजित हुआ था। अंतरिक्ष में 374 दिन बिताने के बाद वापस रूस के कोनोनेंको और निकोलाइ चुब और एक अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री ट्रेसी सी डायसन धरती पर लौट आए हैं। डायसन 6 महीने अंतरिक्ष में रहीं। इससे पहले करीब 12 साल पहले यानी 2012 में एक्सपीडीशन 33 के दौरान विलियम्स ने स्पेस स्टेशन की कमान संभाली थी। स्पेस स्टेशन की कप्तान होने के नाते भारतवंशी अंतरिक्ष यात्री के पास कई अहम ऑपरेशन और साइंटिफिक रिसर्च का काम संभालेंगी। कार्यक्रम के दौरान विलियम्स ने कहा, एक्सपीडीशन 71 ने हमें काफी कुछ सिखाया है...। आपने मुझे और बुच को अपनाया। जबकि, यह प्लान का हिस्सा भी नहीं था। आपने परिवार की तरह हमारा स्वागत किया। बता दें कि बोइंग स्टारलाइनर में तकनीकी खराबी आने के कारण विलियम्स की यह अंतरिक्ष यात्रा लंबी हो गई थी। कहा जा रहा है कि उनकी वापसी फरवरी 2025 तक टल गई है।



### अदालत के बजट और इन्फ्रास्ट्रक्चर के मामले में हम सरकार के साथः सीजेआई

**मुंबई।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि निःसंदेह कहा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट्स के न्यायाधीश अपना काम पूरी स्वतंत्रता के साथ करते हैं। लेकिन जब भी बात बजट और बुनियादी ढांचे की आती है, तो हम सरकार के साथ खड़े होते हैं। एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि बात जब अदालत के बजट और इन्फ्रास्ट्रक्चर की आए, तो कोर्ट सरकार के साथ खड़ी है। सीजेआई ने सोमवार को मुंबई के बांद्रा क्षेत्र में बम्बई उच्च न्यायालय के नए परिसर की आधारशिला रखी। दक्षिण मुंबई में मौजूदा उच्च न्यायालय भवन के पत्थरों को नींव में शामिल किया जाएगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार, उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय समारोह में शामिल हुए। उच्च न्यायालय के नए परिसर में विशाल अदालत कक्ष, न्यायाधीशों और रजिस्ट्री कर्मियों के लिए कक्ष, एक मध्यस्थता केंद्र, एक सभागार, पुस्तकालय तथा कर्मचारियों, वकीलों और वादियों के लिए अनेक सुविधाएं होंगी। महाराष्ट्र सरकार ने कहा है कि 30.16 एकड़ भूमि का कब्जा चरणबद्ध तरीके से उच्च न्यायालय को सौंप दिया जाएगा। उसने कहा कि 4.39 एकड़ की पहली किस्त पहले ही दी जा चुकी है। एक अधिकारी ने कहा कि 16 अगस्त 1862 को स्थापित बम्बई उच्च न्यायालय वर्तमान में फ्लोरा फाउंटेन (हुतात्मा चौक) के पास एक इमारत में स्थित है। अधिकारी ने बताया कि अदालत वहां पर नवंबर 1878 से है।



## लेखा परीक्षा और मूल्यांकन न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा करता है बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी बढ़ता है : राष्ट्रपति




**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि लेखापरीक्षा संस्थाओं द्वारा लेखापरीक्षा और मूल्यांकन से न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा होती है, बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी बढ़ता है। राष्ट्रपति नई दिल्ली में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा आयोजित 16वीं एशियाई सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थान संगठन (एएसओएसएआई) सभा के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत का कैग देश के सार्वजनिक वित्त में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह अकारण नहीं था कि भारतीय संविधान ने कैग के कार्यालय को व्यापक अधिकार और पूर्ण स्वायत्तता प्रदान की है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि कैग का कार्यालय संविधान निर्माताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरा है। यह नीति संबंधी और नैतिक आचरण की एक सख्त संहिता का पालन करता है जो इसके कामकाज में सर्वोच्च स्तर की ईमानदारी सुनिश्चित करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के ऑडिट का कार्य पारंपरिक ऑडिटिंग से आगे बढ़कर जन कल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं की प्रभावशीलता का आकलन करना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे सभी नागरिकों को समान रूप से सेवा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि तेजी से प्रौद्योगिकी-संचालित दुनिया में, अधिक से अधिक सार्वजनिक सेवाएं प्रौद्योगिकी का उपयोग करके प्रदान की जा रही हैं। इसलिए, ऑडिट को अपने निरीक्षण कार्यों को प्रभावी ढंग से करने में सक्षम होने के लिए तकनीकी विकास के साथ बने रहने की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज हम ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग और भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी जैसी उभरती डिजिटल प्रौद्योगिकियां आधुनिक शासन की रीढ़ बन रही हैं। डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) नागरिकों को प्रदान की जाने वाली डिजिटल अर्थव्यवस्था और सेवाओं के कामकाज को समर्थन देने और बढ़ाने के लिए आधार के रूप में कार्य करती है। डिजिटल पहचान से लेकर ई-गवर्नेंस प्लेटफ़ॉर्म तक, डीपीआई में सार्वजनिक सेवाओं और वस्तुओं की डिलीवरी में क्रांति लाने की क्षमता है, जिससे वे अधिक सुलभ, कुशल और समावेशी बन सकें। राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में महिलाओं और समाज के कमज़ोर वर्गों की डिजिटल तकनीकों तक पहुंच कम है, डिजिटल कौशल विकसित करने के कम अवसर हैं और डिजिटल अर्थव्यवस्था में उनका प्रतिनिधित्व कम है। यह विभाजन न केवल आवश्यक सेवाओं तक उनकी पहुंच को सीमित करता है बल्कि असमानता को भी बढ़ाता है। यहीं पर सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थानों (एसएआई) की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। लेखा परीक्षकों के रूप में, उनके पास यह सुनिश्चित करने की अनूठी ज़िम्मेदारी और अवसर है कि डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को इस तरह से डिज़ाइन और कार्यान्वित किया जाए जो सभी के लिए समावेशी और सुलभ हो। राष्ट्रपति ने कहा कि वित्तीय दुनिया अक्सर अपारदर्शी लेखा प्रथाओं से घिरी रहती है। इस स्थिति में, स्वतंत्र सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थानों की भूमिका यह देखना है कि सार्वजनिक संसाधनों का प्रबंधन कुशलतापूर्वक, प्रभावी ढंग और पूरी ईमानदारी के साथ किया जाए। एसएआई द्वारा किए गए लेखा परीक्षा और मूल्यांकन न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा करते हैं बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी बढ़ाते हैं।

## इजराइल की लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ एयर स्ट्राइक, 500 लोगों की मौत, अभी भी बरस रहे हैं बम

**बेरूत।** इजराइल ने लेबनान में ईरान समर्थित दुर्दांत आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह पर 2006 के बाद का अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया है। इजराइल के लड़ाकू विमान अब भी दक्षिणी लेबनान में बम गिरा रहे हैं। इजराइल की एयर स्ट्राइक में कम से कम 500 लोग मारे गए और 1600 से अधिक जख्मी हुए। सनद रहे कि गाजा के युद्ध में हिजबुल्लाह के आतंकवादी हमास का साथ दे रहे हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर में लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से कहा गया कि लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ इजराइली हवाई हमलों में दर्जनों महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 500 लोग मारे गए और



1,600 से अधिक नागरिक घायल हो गए। समूचा लेबनान हमलों से दहल गया। इससे पहले इजराइल हिजबुल्लाह के संचार नेटवर्क (पेजर और वॉकी-टॉकी) को ध्वस्त कर चुका है। लेबनान में पेजर और वॉकी-टॉकी विस्फोट में 37 लोगों की जान जा चुकी है। हिजबुल्लाह के आतंकी सीमा परः खबर के अनुसार, अब तक इजराइल हिजबुल्लाह को लेबनान-इजराइल सीमा से पीछे हटने के लिए मजबूर करने में विफल रहा है। हिजबुल्लाह ने कहा है कि इजराइल पर तब तक हमला जारी रखेगा जब तक गाजा में इजराइल और हिजबुल्लाह के सहयोगी हमास के बीच संघर्ष विराम पर सहमति नहीं बन जाती। हजारों परिवार विस्थापितः लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार, ताजा हमलों में हजारों परिवार विस्थापित हो गए। इजराइल ने एम्बुलेंस और दमकल गाड़ियों को भी निशाना बनाया। उधर, इजराइली बलों ने कल मध्य गाजा में एक स्कूल की इमारत पर हमला किया। इस स्कूल में विस्थापित फिलिस्तीनी रह रहे हैं। लेबनान में 1600 स्थानों पर बमबामीः इजराइल सुरक्षा बल ने मंगलवार सुबह बयान में कहा कि वायुसेना ने सोमवार को लेबनान में हिजबुल्लाह के लगभग 1,600 ठिकानों पर हमला किया। हमला अभी जारी है। इजराइल ने लेबनान के लगभग 165 रॉकेट को एंटीमिसाइल रक्षा प्रणाली से रोक दिया है। अमेरिका की प्रतिक्रियाः पेंटागन ने घोषणा की कि वह लेबनान में रह रहे हजारों अमेरिकियों की सुरक्षा के लिए मध्य पूर्व में अमेरिकी सैनिकों को भेजेगा।

### ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की 104 सड़कों के निर्माण की दी स्वीकृति : शिवराज सिंह

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करते हुए ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है। इस दिशा में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की 104 सड़कों के निर्माण की मंजूरी दी है। इन सड़कों के निर्माण पर 259.77 करोड़ रुपये की लागत आएगी। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा की। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पीएम-जनमन बैच-III (2024-25) के अंतर्गत मध्य प्रदेश के लिए 162.14 करोड़ रुपये की लागत की 216.86 किलोमीटर लंबाई की कुल 86 सड़कों को मंजूरी दी गई है।

## फसलों, फसल बीमा योजना और फसलों के नुकसान के बारे में मिले सुझावों पर कर रहे हैं काम : शिवराज सिंह चौहान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज पूसा परिसर स्थित अंतरराष्ट्रीय गेस्ट हाउस के बोर्ड मीटिंग हॉल में किसानों और किसान यूनियनों से संवाद किया। इस क्रम में मीडिया से बातचीत में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि देश की रीढ़ है और किसान आत्मा हैं। किसानों की सेवा करना भगवान की पूजा करने जैसा है। उन्होंने कहा कि वे आज किसान संघ के नेताओं से मिले। अलग-अलग किसान संगठनों से भी बातचीत की। उनमें से कुछ फसलों, फसल बीमा योजना और फसलों के नुकसान के बारे में सुझाव दिए हैं। इसके अलावा सभी ने और भी बहुत सारे सुझाव दिए हैं। हम उन सुझावों पर काम कर रहे हैं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता किसान कल्याण है। समन्वित और सामूहिक प्रयासों से हम किसानों की उन्नति में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को किसानों तथा किसान संगठनों के साथ जो संवाद हमने प्रारंभ किया है, इसी दिशा में आज नई दिल्ली स्थित पूसा परिसर में अलग-अलग किसान संगठनों के किसान भाइयों से भेंट की। वह सबके मन को भाया है। संवाद का यह क्रम निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने कुछ दिनों पहले तय किया था कि प्रत्येक मंगलवार किसान संगठनों और किसान भाई-बहनों से भेंट कर चर्चा करेंगे। इस दौरान विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। साथ ही किसान साथियों ने कृषि एवं किसान कल्याण की दिशा में लिए सरकार द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की प्रशंसा की। प्रतिदिन पौधरोपण के संकल्प के क्रम में आज नई दिल्ली स्थित पूसा परिसर में पौधा रोपण भी किया।

▪ प्रतिदिन पौधरोपण के संकल्प के क्रम में आज नई दिल्ली स्थित पूसा परिसर में किया पौधा रोपण



## इजरायल और फिलिस्तीन के बीच हो रहे युद्ध में पेजर से किए गए धमाकों ने दुनिया को सकते में डाल दिया हैं।

**चाणक्य भूमि के लिए सुनील दुबे की कलम से**

विश्व पटल पर रूस यूक्रेन एवम इजरायल और फिलिस्तीन के बीच हो रहे युद्ध चिंता का विषय हैं। दोनों ही युद्ध में द्विपक्षीय तनावों, विवादों एवम तनावों को हल करने -कराने में अभी तक विश्व का कोइ भी देश या संघ -महासंघ कामयाब नहीं हो सका हैं। युद्धक्रम लगातार जारी हैं। दो देशों के बीच के तनाव और युद्ध को दुनिया ने कई बार देखा। महाविनाश के तांडव से दुनिया के देश रू बरु हुए हैं। अपनी ताकत को बढ़ाने तथा संसार को इसका एहसास कराने के लिए परमाणु बम जैसे घातक हथियारों को भी कई देशों ने बनाकर अपने सेफ कॉस्टिडी में रखा हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के समय इस महाविनासकारी परमाणु बम के प्रभाव को दुनियां के लोगों ने देखा हैं।

जापान के हिरोशिमा एवम नागाशकी में परमाणु बम के हमले से हुए महाविनाश की त्रासदी से उस वक्त पुरा संसार गमगीन हो गया था। आज भी द्वितीय विश्व युद्ध की कहानी में जापान पर हुए हमले की कहानी को पढ़ने वाले सिहर उठते हैं। परमाणु हमले पर लगातर चर्चाएं वर्षो वर्ष होती रही। विश्व के लगभग सभी देशों के साथ सहमती बनी कि, परमाणु का उपयोग युद्ध में नहीं होगा। बावजूद परमाणु शक्तियां तैयार करने एवम संरक्षित करने से बहुत से देश बाज नहीं आए। भले ही उसका उपयोग किसी युद्ध में नहीं हुआ लेकिन अपनी परमाणु शक्ति को दुनिया के अन्य देशों को बताने में पीछे नहीं रहे।

विगत 17 सितम्बर 2024को इजरायल एवम फिलिप्सतीन के बीच हो रहे युद्ध में एक नया वार अटैक सामने आया। हैंड सेट, पॉकेट सेट, बैग सेट एवम 18 सितम्बर को सोलर पैनल तथा वाकी टाकी में जबरदस्त धमाके पर धमाके हुए। लेबनान में हुए इस धमाके से अफरा तफरी मच गई। सैकड़ों लोगों की जाने जाने की बात बताई जा रही हैं। हजारों की संख्या में लोग घायल हुए। अस्पतालों में घायलो की संखया लगातर बढ़ती रही। लेबनान में मौजूद इरान के मौजूद राजदूत मोजना अंबानी के भी गंभीर विस्फोट से घायल होने तथा हिजबुल्ला के सांसद अल्ली अम्मार के लड़के की मौत हो जाने की पुष्टि हुई है। लेबनान का बैरूत के दाहिया, बेक्का, नाबातिया सहित आधा दर्जन छोटे बड़े स्थानों पर सीरियल ब्लास्ट होते रहे लोगो को समझ में नहीं आ रहा था कि यह सीरियल धमाका कैसे हो रहा है। बाद में यह स्पष्ट हुआ कि छोटे इलैक्टोनिक्स उपकरणों यथा हैंड सेट मोबाइल, पोकेट फोन, बैग सेट, वाकी टाकी को रेंज कवर में लाकर अंडर लोकेशन से इलेक्ट्रॉनिक फायर अटैक किया।

वैसे हिजबुल्ला के प्रमुख नसरल्ला को इस प्रकार के अनहोनी की आंशका थी। उनके द्वारा अपने लड़कों को इंटरनल मीडिया से सावधान किया था कि मोबाइल का प्रयोग न करें , इजरायल मोबाइल का लोकेशन लेकर नुकसान पहुंचा सकता हैं।

बात आती हैं कि यह सीरियल ब्लास्ट की तैयारी कैसे हुई। कभी कभी सोशल मीडिया पर कुछ इस प्रकार के वीडियो देखने को मिले हैं कि किसी व्यक्ति का मोबाइल बजता है, वह स्वीच आन करता हैं तबत्क मोबाइल ब्लास्ट कर जता हैं। वह व्यक्ति घायल होजाता हैं या उसकी मृत्यु हो जाती हैं। येसे वीडियो को लोग बकवास समझा करते थें। आज वही युद्ध भूमि में हथियार बना हुआ है। इस बेतार वार में दुश्मन ने इलेक्ट्रानिक डिवाइस सेटेलाइट लोकेशन के द्वारा मोबाइल के अंदर के बैटरी को कैच प्लान कर नेट अटैक कर भारी छती पहुंचाया।

दुनिया के देशों के लिए यहएक चिंतनीय विषय होगा। ख़ास कर वैसे देश जो घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स एसेट तैयार करने में सबल नहीं हो पाए हैं। बहुत से ऐसे देश हैं जिनकी उनसे आंतरिक सम्बंध अच्छे नही है और फिर भी उनसे व्यापारिक सम्बंध (एकरार) हैं। उस देश से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की खरीददारी कर देश की जरूरतों को पूरा करते हैं। अगर इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाने की स्थिति नही बनती हैं तो घात होने की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता हैं। चीन ऐसे छोटे उपकरणों को बायपाक रुप में उत्पाद करता हैं। भारत सहित अन्य देशों से एसे उपकरणों के लिए करार हैं, जो जोखिम भरा हैं। भविष्य के लिए भारत सहित अन्य वैसे देशों को विषेश रूप से सावधान रहना होगा।

## मुंगेर में 20 मीटर लंबा पुल बहा, 50 हजार की आबादी प्रभावित

**भागलपुर, एजेंसी।** मुंगेर में बरियारपुर प्रखंड के पंचायत हरिणमार एवं झौवा बहियार को गोगरी जमालपुर से जोड़ने वाला पुल पानी के तेज बहाव में बह गया। यह पुल गोगरी से हरिणमार तक बने ग्रामीण सड़क पर बिचली धार के



समीप स्थित था। इस सड़क का निर्माण वर्ष 2005 में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत करीब 4 करोड़ की लागत से ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा किया गया था। लगभग 20 लाख की लागत से उक्त पथ पर बिचली धार में 20 मीटर लंबा पुल का निर्माण किया गया था। पुल के बहने से 50 हजार की आबादी प्रभावित हुई है। दरअसल, हरिणमार और झौवा बहियार पंचायत के लोगों का मुख्य बाजार गोगरी जमालपुर ही है। उधर, मुंगेर में बीते 24 घंटे में गंगा के जलस्तर में 12 सेंटीमीटर की कमी दर्ज की गई।

### पटना में रिश्तेदार से मिलने गई थी महिला, लौटी तो ताला काटा हुआ था, हिरासत में दो आरोपी



## 30 मिनट में 7 लाख के गहनों की चोरी

**पटना, एजेंसी।** पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक फ्लैट में चोरी कर ली। चोरों ने यह चोरी 30 मिनट में हीं कर ली। महिला अपने किसी रिश्तेदार के यहां मिलने गई थी। आधे घंटे में लौटी तो देखा कि घर का ताला कटा हुआ है। घर के आलमारी में रखे गहनों की चोरी हो चुकी है। इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने पूछताछ के लिए दो लोगों को उठाया है। दूसरे मामले में वैष्णो देवी के दर्शन करने गए एक परिवार के घर में घुसकर चोरों ने 5 लाख के गहने और 45 हजार रुपए की चोरी कर ली, जिसके बाद मामला दर्ज कराया गया है। शास्त्रीनगर थानाक्षेत्र के खाजपुरा में रहने वाली रेनू देवी ने बताया कि सोमवार की देर शाम वह अपने घर में ताला लगाकर अपने रिश्तेदार से मिलने बोरिंग रोड गई थी। आधे घंटे बाद घर लौटी तो देखा कि ताला काटकर बगल में फेंका हुआ है। घर के अंदर रखे गोदरेज का लॉक टूटा हुआ है। चोरों ने गोदरेज में रखे मंगलसूत्र, चेन, कान का झुमका, चांदी का पायल की चोरी कर ली। इन गहनों की अनुमानित कीमत लगभग 7 लाख रुपए थी।

**पांच लाख के गहने और नगद की चोरी :** वहीं दूसरे मामले में दीघा के मखदुमपुर में घर से पांच लाख के गहने और 45 हजार रुपया नगद की चोरी हुई है। मखदुमपुर में रहने वाले श्रवण कुमार ठाकुर ने शास्त्रीनगर थाना में मामला दर्ज कराया है। श्रवण ने बताया कि वह अपने पूरे परिवार के साथ वैष्णो देवी के दर्शन के लिए गये हुए थे। सोमवार की शाम जब वहां से लौटे तो देखा की घर के मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। घर में अंदर गया तो देखा की सभी कमरों का ताला टूटा हुआ है।

### दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है पुलिस

शास्त्री नगर के थानाध्यक्ष ने बताया कि खाजपुरा की रहने वाली रेनू देवी के घर में चोरी की घटना हुई है। पुलिस ने वहां पूछताछ की साथ ही रेनू देवी ने दो लोगों पर चोरी करने का शक जताया है। पुलिस ने उनमें से एक को और एक दूसरे युवक को शक के आधार पर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। दूसरे मामले में मखदुमपुर के रहने वाले श्रवण कुमार के घर चोरी की घटना हुई है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसएसबी कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मी के आवास में चोरी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अहियापुर के संगम बिहार कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहे एसएसबी कार्यालय में कार्यरत कर्मी विजय कुमार के घर का ताला तोड़कर एक लाख रुपये नकद और कीमती सामान की चोरी कर ली गई है। उन्होंने अहियापुर थाने में इसकी एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस को बताया है कि जरूरी कार्य से बाहर गया था। लौटकर आया तो घर का ताला तोड़कर चोरी कर ली गई थी। विजय मूल रूप से सीतामढ़ी के महिंदवारा थाना के पुनखारा गांव के निवासी हैं।

### विधायक ने अधिकारियों के साथ लिया जायजा

**भागलपुर, एजेंसी।** पीरपैंती के विधायक ई. ललन कुमार सोमवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र पहुंचे तथा कभी पानी में पैदल, कभी ट्रैक्टर तो कभी नौका पर प्रभावित क्षेत्र रानी दियारा, टपुआ, मोहनपुर, एकचारी, खवासपुर, लछमिनिया आदि गांवों में पहुंचे तथा लोगों से मिलकर उनकी दिक्कतों को सुना तथा जाना। उन्होंने साथ चल रहे एसडीओ अशोक कुमार, डीसीएलआर मो. सरफराज नवाज आदि को सभी समस्या का समाधान तत्काल करने को कहा।

### 28 बेटिकट रेल यात्री पकड़े गये

**मोतिहारी, एजेंसी।** पूर्व मध्य हाजीपुर से आये डिप्टी सीसीएस डीके भारती के नेतृत्व में सोनवर को रक्सौल स्टेशन पर सधन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत बेटिकट यात्री धरे गये। अभियान के पूर्व उन्होंने सम्बंधित विभाग के कर्मियों को रेल राजस्व बढ़ाने को लेकर विभिन्न विन्दुओं पर निर्देशित करते साफ तौर पर चेतावनी दी कि रेल राजस्व वसूली में कोताही बरतने वाले टीटी पर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान अभियान के तहत अठाईस बेटिकट व पच्चीस बिना बुक सामान का मामला पकड़ा गया व लगभग 18 हजार रेल राजस्व की वसूली की गयी। अभियान जारी है। टिकट अभियान आरम्भ होते प्लेटफॉर्म पर बिना टिकट यात्रियों में अफरातफरी मच गयी। परन्तु रक्सौल वेस के टिकट चेकिंगकर्मियों, रेल पुलिस व आरपीएफ जवानों की तत्परता व घेराबंदी से एक एक बिना टिकट यात्रिओं को ट्रेन पर चढ़ने के पूर्व घेर लिया गया व फ़ाईन काटा गया।श्री भारती ने कहा कि यह अभियान पर्व आने के पहले से लगातार जारी रहेगा। ताकि कोई भी यात्री बिना टिकट यात्रा नहीं कर सके। इसको लेकर उन्होंने यात्रिओं को जागरूक भी किया।

### रक्सौल में गर्मी से 8 छात्राएं हुई बेहोश

**मोतिहारी/रक्सौल , एजेंसी।** सीमावर्ती क्षेत्र में भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे गर्मी से बीमार हो रहे हैं।सोमवार को परसा जिला के स्कूलो में 9 छात्रा बेहोश हो गई।प्रतिकूल मौसम के बीच लगातार हो रही इस तरह की घटना को देखते हुए वीरगंज महानगर पालिका के मेयर राजेश मान सिंह ने मंगलवार और बुधवार को यानी दो दिनों के लिए स्कूल बन्द करने का एलान किया है । परसा जिला के पोखरिया स्थित जिला उच्चांगल माध्यमिक विद्यालय के 8 छात्राएं एक एक कर अचानक बेहोश हो गई।जिससे खलबली मच गई।उन्हे स्कूल प्रबंधन द्वारा पोखरिया स्थित प्रादेशिक अस्पताल में भर्ती कराया गया।स्कूल के हेड मास्टर ओम प्रकाश रौनियार ने बताया कि इलाज के बाद लडकियां ठीक हैं।

### पशु तस्करी का विरोध करने पर पीटा, केस दर्ज

**मोतिहारी/कोटवा, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के बाजार टोला में पशु तस्करी का विरोध करने पर तस्करों ने एक व्यक्ति को बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया। साथ ही नकदी छीन लिया। मामले में थाने में एफआईआर दर्ज करायी गयी है।पीड़ित कोटवा के सुबास खलीफा ने आरोप लगाया कि मुकेश खलीफा, चुनू खलीफा, राकेश खलीफा, हरी खलीफा पशु तस्करी करता है। वहीं उसका बच्चा यत्र यत्र छोड़ देता है।जिससे वह भूख प्यास से मर जाता है।जिसका उसके द्वारा विरोध किया गया तो उसके घर पर चढ़कर मारपीट की गई एवं उसके पॉकेट से नकदी भी निकाल ली गई।घटना को लेकर पंचायती भी हुई जिसमे भी मारपीट की गई एवं उसके एवं उसके पुत्र को गोली मार देने की धमकी दी गई।

## अस्पताल में बेहोश शख्स को सीएस ने बिना जांच के कहा-मर गया, पोस्टमॉर्टम कराओ



**नालंदा, एजेंसी।** बिहार शरीफ सदर अस्पताल में सोमवार को एक शख्स बाथरुम में बेहोश की हालत में गिरा हुआ मिला। सिविल सर्जन जितेंद्र कुमार सिंह ने उसे दूर से देखा और बोले कि मर गया है, पोस्टमॉर्टम कराओ। सदर अस्पताल में मौत की सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई और एफएसएल की टीम का इंतजार हो रहा था।

पोस्टमार्टम हाउस ले जाने के लिए एक कर्मी स्ट्रैचर लेकर आ गया। अभी स्ट्रेचर पर रखने की तैयारी चल ही रही थी कि उसे होश आ गया और वो खड़ा हो गया। उसके होश में आते ही वहां मौजूद लोग हैरान रह गए। वहीं इस घटना ने स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही को सामने आ दिया है।

सिविल सर्जन जितेंद्र कुमार सिंह ने बिना मरीज की नब्ज देखे, हड़बड़ी में बेहोश अधेड़ को मृत बताकर पोस्टमार्टम हाउस ले जाने का आदेश दे दिया। यहां तक की मौत की सूचना पाकर पुलिस भी आ गई। पुलिस पदाधिकारी एफएसएल टीम के आने का इंतजार कर रहे थे।

### बाथरुम में बेहोश हो गया था

सदर अस्पताल के पहले तल्ले के शौचालय का दरवाजा अंदर से बंद था। सफाई कर्मी जब गए तो दरवाजा बंद होने का पता चला। कर्मी लौट गए। कुछ देर बाद सफाई कर्मी फिर गया। शौचालय का दरवाजा फिर भी बंद ही था। तब संदेह होने पर सफाई कर्मी ने रेलिंग पर चढ़कर अंदर झांका। अंदर एक अधेड़ बेहोश जमीन में गिरा पड़ा था।

सफाई कर्मी ने शौचालय में शव होने का शोर मचा दिया। सीएस समेत अन्य कर्मी मौके पर आ गए। बिना जांच के उसे मृत बता दिया गया। शव मिलने की सूचना देकर पुलिस को भी बुला लिया गया। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा गया। फर्श पर अधेड़ गिरा था। किसी ने भी उसकी नब्ज नहीं टटोली। बिना जांच के सीएस समेत अन्य ने उसे आनन-फानन में मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमॉर्टम हाउस ले जाने का आदेश दे दिया। एफएसएल टीम को भी खबर दे दी गई।

### शव मिलने की सूचना पर अस्पताल पहुंची थी पुलिस

नगर थाना के जमादार ब्यास प्रसाद ने बताया कि शव मिलने की सूचना पाकर वह अस्पताल पहुंचे थे। यहां एफएसएल टीम के आने का इंतजार कर रहे थे। कथित शव को पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाने के क्रम में अधेड़ होश में आ गया। तब पता चला कि अधेड़ बेहोश था। नशे की हालत में वह गिर गया था। अस्पताल प्रबंधक कुणाल कुमार ने बताया कि सफाई कर्मी से उन्हें शव मिलने की सूचना मिली। पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाने के दौरान अधेड़ को होश आ गया। तब उसका इमरजेंसी में इलाज किया गया। होश आने के बाद उठ खड़ा हुआ।

### दवा लेने अस्पताल आया था

अधेड़ अस्थावांथाना इलाके के जिराइनपर गांव निवासी राकेश कुमार है। वो दवा लेने अस्पताल आया था। वहीं, पुलिस की मानें तो अधेड़ नशे में था। इस कारण बाथरूम में अचेत होकर गिर गया। नशेड़ी को पुलिस अपने साथ ले गई। मामले में नगर थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि बाथरूम के अंदर उसे चक्कर आ गया था। वह फर्श पर ही लेट गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह भगवान से मिलने जा रहा था। पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया है।

## खाद्य पदार्थ की 27 दुकानों में छापेमारी, 29 नमूने लिए

**गया, एजेंसी।** पितृपक्ष में पिंडदानियों को बेहतर खाने-पीने का सामान मिले इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। डीएम के निर्देश पर खाद्य संरक्षा विभाग की टीम मेला क्षेत्र से लेकर पूरे शहर में खाद्य पदार्थों की प्रतिष्ठानों में छापेमारी कर रही है। सोमवार को टीम ने मानपुर से लेकर मां मंगलागौरी इलाके की दुकानों की जांच की। 27 दुकानों में छापेमारी कर 29 नमूने लिए। सभी सेम्पल को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य संरक्षा पदाधिकारी मुकेश कश्यप ने बताया कि शहर के टेकारी रोड स्थित दिलीप मिष्ठान भंडार से नारियल के लड्डू, बबलू मिष्ठान भंडार से लड्डू, अर्जुन मिठाई दुकान से बेदाम लड्डू, जैन टी सेंटर से चायपत्ती, आनंद स्वीट्स से बेसन लड्डू, गांधी मैदान टेंट सिटी में दीदी की रसोई से चावल, निःशुल्क भोजनालय से आटा व मिर्च पाउडर, गांधी मैदान कोचर पेट्रोल पंप स्थित लेवल 4 रूफ टॉप रेस्टोरेंट से मसूर दाल, होटल घराना से अरहर दाल, अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट से चाट मसाला का सेम्पल लिया गया।

इसी तरह दक्षिणी चर्च रोड के राजस्थान भोजनालय, जीबी रोड के शिव होटल, मुरारपुर के बाबा होटल, श्री प्रयाग मिष्ठान भंडार एंड स्नैक्स, सीताराम जी होटल, प्रयाग तिलकुट भंडार, मां मंगलागौरी रोड के अशोक कुमार, नरेश किराना एंड जेनरल स्टोर, श्री गंगा मिष्ठान भंडार, नारायण भोजनालय, ओम साई भोजनालय, मुफस्सिल मोड़, मानपुर में महादेव स्वीट्स व खुशी स्वीट्स नामक प्रतिष्ठान में निरीक्षण के बाद अगल-अलग तरह के सेम्पल लिए गए। श्री कश्यप ने बताया सभी खाद्य प्रतिष्ठानों को बेहतर सफाई के साथ खाद्य पदार्थो को हमेशा ढंक कर रखने का निर्देश दिया गया। पैक खाद्य/पेय पदार्थों के पैकेट पर पैकिंग डेट अवश्य देखन, सड़क किनारे प्रतिष्ठानों को हमेशा खादद्य पदार्थ को ढंक कर व साफ-सफाई रखने को कहा गया। बताया कि सोमवार की कार्रवाई लिए गए सभी 29 नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद खादय संरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियमावली 2011 के तहत कार्रवाई की जाएगी।



## जमीन सर्वेक्षण में अब तक 38 लाख रैयतों ने दिया जमीन का हिसाब-किताब

**पटना, एजेंसी।** बिहार में जमीन सर्वे का काम शुरू हुए करीब एक महीना बीत चुका है। लोगों की समस्याओं को देखते हुए जमीन के दस्तावेज को ऑनलाइन अपलोड करने की समयसीमा बढ़ाकर तीन महीना कर दी गई है। ऐसे में अब ऑनलाइन जमा किए गए जमीन से जुड़े दस्तावेजों की जांच का काम अगले वर्ष जनवरी से शुरू होने की संभावना है। नवंबर अंत या दिसंबर तक सभी रैयतों को अपने-अपने जमीन से संबंधित दस्तावेजों को ऑनलाइन अपलोड करने की मोहलत मिली है। सभी दस्तावेजों को अपलोड होने के बाद ही इनके जांच की प्रक्रिया शुरू होगी। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने इसे लेकर हाल में घोषणा की है कि सभी रैयतों को आराम से जमीन के दस्तावेज अपलोड करने की मोहलत दी जाएगी। 10 से 15 फीसदी ही लोग ऐसे हैं, जिनके पास दस्तावेज नहीं हैं या इन्हें एकत्र करने में समस्या हो रही है। ऐसे लोगों का भी ध्यान रखते हुए स्वघोषणा पत्र भरने की मोहलत बढ़ाई गई है। जमीन का सर्वे एक महीना पूरा हुआ है। अब तक 38 लाख स्वघोषणा-पत्र के माध्यम से रैयतों ने जमीन का ब्योरा सरकार के सुपुर्द कर दिया है। इसमें 13 लाख स्वघोषणा-पत्र ऑनलाइन अपलोड किए गए हैं। शेष 25 लाख पत्रों को रैयतों ने अपने-अपने अंचलों में लगे शिविर में जाकर हाथों-हाथ जमा किया है। सबसे ज्यादा ऑनलाइन दस्तावेज जमा करने में रोहतास जिला है, जहां 2 लाख 75 हजार फॉर्म ऑनलाइन ही जमा हुए हैं। इसके बाद गया में दो लाख, दरभंगा में करीब दो लाख, समस्तीपुर में 1 लाख फॉर्म ऑनलाइन जमा हुए हैं। शिविरों में जमा कराए गए दस्तावेजों में करीब 20 लाख को स्कैन करके ऑनलाइन जमा कर दिया गया है। प्राप्त सूचना के अनुसार, राज्य में रैयतों की संख्या डेढ़ से दो करोड़ के बीच है।

## वैशाली सांसद वीणा देवी के बेटे राहुल उर्फ छोटू सिंह की सड़क हादसे में मौत



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सड़क हादसे में वैशाली सांसद वीणा देवी के बेटे राहुल उर्फ छोटू सिंह की मौत हो गई। छोटू की बुलेट को एक पिकअप वैन ने सामने से टक्कर मार दी। घटना रेवा रोड में जैतपुर ओपी क्षेत्र के पोखरैरा गांव के पास सोमवार की देर शाम हुई। आज छोटू सिंह का रेवा घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

हादसे के समय छोटू ने हेलमेट नहीं पहना था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक जोरदार आवाज के बाद छोटू बीच सड़क पर गिर कर छटपटा रहे थे। थोड़ी दूर पर बुलेट पड़ी हुई थी। पुलिस ने बताया कि चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। राहुल को सरैया पीएचसी ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सीएचसी में बड़ी संख्या में सांसद व एमएलसी के समर्थक पहुंचने लगे। सरैया थानाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, एसडीपीओ सरैया कुमार चंदन भी पहुंचे और चिकित्सकों से जानकारी ली।

उसके बाद पूर्व जिला पार्षद नीरा देवी व विधायक अशोक कुमार सिंह भी पहुंचे। उसके बाद शव को एंबुलेंस में लेकर विधायक व एसडीपीओ शहर के लिए निकल गए। सरैया एसडीपीओ कुमार चंदन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। सूचना मिलने पर पारू के दाउदपुर और सदर थाने के बीबीगंज स्थित सांसद वीणा सिंह व एमएलसी दिनेश सिंह के आवास पर शुभचिंतकों की भीड़ जुट गई। रात में ही पोस्टमार्टम के बाद शव अल्कापुरी स्थित आवास पर लाया गया। सरैया सीएचसी पहुंचने के बाद सांसद वीणा देवी ने बेटे के मोबाइल पर वीडियो कॉल किया। डॉक्टर ने वीडियो कॉल उठाया तो दूसरी ओर सांसद वीणा देवी थीं। डॉक्टर ने वीणा देवी से पूछा कि यह कौन हैं। इनकी तो मौत हो चुकी है। इतना सुनते ही सांसद वीणा देवी छोटू-छोटू कहकर जोर-जोर से रोने लगीं। इसके बाद पता चला कि मृतक राहुल राज सांसद वीणा देवी और एमएलसी दिनेश प्रसाद सिंह के बेटे थे।

## दो वर्ष से फरार युवती टनकुप्पा थाने में किया आत्मसमर्पण

**गया, एजेंसी।** गजाधरपुर पंचायत के मिसिरचक गांव की एक युवती दो वर्ष पहले गायब हो गई थी। युवती सोमवार को टनकुप्पा थाने में पुलिस दविश के कारण आत्मसमर्पण कर दिया। युवती कोच थाना क्षेत्र के एक गांव की है। जानकारी के अनुसार, दो वर्ष पहले युवती मौसा राजकिशोर दास के घर टनकुप्पा थाना क्षेत्र के मिसिरचक गांव से गायब हो गई थी। घटना को लेकर युवती की मां हिरावणी देवी ने कोच थाने के दो युवकों को नामजद करते हुए केस दर्ज कराया था। टनकुप्पा थाने में अपहरण का मामला दर्ज किया था। टनकुप्पा थाने के एसआई सह आईओ रामेश्वर पांडेय ने बताया कि पुलिस दबिश के कारण युवती ने टनकुप्पा थाने में सोमवार को आत्मसमर्पण कर दिया। युवती ने कोर्ट में 164 के तहत दिए बयान में कहा है कि वह स्वेच्छा से पढ़ाई करने पटना चली गई थी। आईओ ने कहा कि युवती की मेडिकल जांच व कोर्ट के बयान के बाद युवती को सकुशल मां हिरावणी देवी को सौंप दिया गया है।

## शशिकांत हत्याकांड में 5 लोगों पर केस दर्ज: 16 कट्ठा जमीन हड़पने का आरोप

### गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने शुरू की छापेमारी

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के टाउन थाना क्षेत्र के इब्राहिमनगर,संजय गांधी कॉलेज के पीछे हुए शशिकांत महतो हत्याकांड में प्राथमिकी करा दी गई है। मृतक की पत्नी खुशबू कुमारी के बयान पर हुई प्राथमिकी में इब्राहिमनगर निवासी पट्टीदार राम भवन महतो समेत उनके करीबी गुर्गो छतीस महतो, लाल बुदन, हिमांशु और रोहित कुमार महतो समेत पांच को नामजद और अन्य अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। जमीन हड़पने की नीयत से षड्यंत्र के तहत हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया है। गिरफ्तारी के लिए सदर एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया है। टीम लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है। मृतक 27 वर्षीय शशिकांत महतो इब्राहिमनगर, धरहरा निवासी छबीला महतो के पुत्र थे, जो कृषि कार्य करते थे।



### मोबाइल लोकेशन पर शव बरामद हुआ

घटनास्थल से एक खोखा जब्त किया गया है। मृतक की पत्नी के अनुसार उनके पति शशिकांत महतो रविवार को 11.40 बजे दिन में घर से दवा लाने के लिए बाइक से बाजार निकले थे। काफी देर होने के बाद वे घर नहीं लौटे तो पत्नी ने पति के मोबाइल पर कॉल किया था। लेकिन, फोन नहीं उठाने पर शंका बढ़ गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई थी। लोकेशन की जांच की गई तो संजय गांधी कॉलेज के उत्तर दिशा में लोकेशन मिला था। जब खोजबीन की गई तो वहां से शशिकांत महतो का शव बरामद किया गया था।

### शव के पास से ही खोखा, दवा का पुर्जा व ब्लूटूथ मिला था

शव के पास से ही खोखा, दवा का पुर्जा व ब्लूटूथ मिला था। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर देवराज राय के अलावा एसपी राज खुद घटनास्थल पर पहुंच गए थे। इधर, मृतक की पत्नी का आरोप है कि मुख्य आरोपित पट्टीदार राम भवन महतो उनकी जमीन हड़पना चाहता था। जिसका विरोध पति किया करते थे। 6 माह पूर्व विवाद में फायरिंग की गई थी। जिसमें पति बच गए थे। इसके बाद वारदात को अंजाम दिया गया। पत्नी का आरोप है कि आरोपित छतीश महतो शराब के गलत कार्यों में संलिप्त है। उसने 21 सितंबर को पति को फोन किया था। लेकिन, पति ने उससे दूरी बना ली थी। क्योंकि वह पति को शराब के धंधे में शामिल करना चाहता था।

## बाढ़ के पानी में डूबने से 15 वर्षीय किशोर की मौत

**भागलपुर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के गंगटी-कटहरा रोड में बाढ़ के पानी से मवेशी निकालने के दौरान शाहाबाद निवासी किशन कुमार (15) बाढ़ की तेज बहाव में बह गया। जो भंवरा में फंस गया। बाढ़ की पानी से बाहर निकाले जाने पर परिजन उसे रेफरल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर मौके पर तैनात सुल्तानगंज पुलिस शव को कब्जे में लेकर थाना ले आई। जहां पोस्टमार्टम में भेजने की तैयारी की जा रही थी। थानाध्यक्ष सह डीएसपी प्रिय रंजन ने बताया कि मृतक के पिता जय राम मंडल के आवेदन पर यूडी कांड दर्जकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मृतक के दादा गणेश मंडल ने बताया कि मृतक तीन भाईयों में सबसे छोटा था। सीओ रवि कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों को नियमानुसार आपदा से मिलने वाली राशि दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली सांसद वीणा देवी के बेटे की मौत मुजफ्फरपुर में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में सोमवार की शाम सांसद वीणा देवी के बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना जैतपुर ओपी क्षेत्र के पोखरैरा गांव की है। सांसद के बेटे बाइक से कही जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे इससे राहुल राज उर्फ छोटू सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना को लेकर इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि छोटू वीणा देवी का सौतेला बेटा है। वहीं, पिता दिनेश सिंह एमएलसी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए SKMCH भेज दिया है। इसके साथ ही मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार है। उन्होंने कहा कि छोटू सिंह को आनन-फानन में प्राथमिक इलाज के लिए सरैया पीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद SDPO विनीता सिन्हा दल-बल के साथ SKMCH पहुंचे। वहीं, वीणा देवी के समर्थक भी अस्पताल पहुंच रहे हैं। बता दें कि छोटू के शव को पहले शहरी क्षेत्र वाले घर में लाया गया। यहां परिजनों का रोना-बिलखना जारी था। इसके बाद शव को गांव ले जाया गया। गांव पारू थाना क्षेत्र में आता है।

### मौसेरा भाई ने पैसे के लेनदेन में की हत्या, आरोपी अरेस्ट, 12 सितंबर को मिली थी BA छात्रा की लाश

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में 12 सितंबर की देर शाम खेत में एक B.A की छात्रा का शव मिला था। इसका पुलिस ने 23 सितंबर सोमवार को खुलासा कर दिया है। पुलिस ने बताया कि नौकरी का लालच देकर छात्रा के मौसेरे भाई ने उससे पहले 6 लाख रुपए लिए। फिर पैसा नहीं वापस करने को लेकर 2 साल बाद उसको किडनैप कर हत्या कर दी। घटना सकरा थाना की मुरा हरलोचन पंचायत के मुराहलोचनपुर गांव की है। दूबहा रेलवे स्टेशन के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान उसने इस घटना को लेकर अपनी संलिप्ता को भी स्वीकार किया है। 12 सितंबर गुरुवार की शाम निधि कुमारी(25) नाम की युवती की डेड बॉडी बरामद हुई थी। घर से 100 मीटर की दूरी पर उसका शव मिल था। चेहरे पर कई जगह धारदार हथियार से काटने के निशान मिले थे। अर्द्धनग्न स्थिति में डेडबॉडी मिली थी। खेत के मालिक जब खेत में पहुंचा तो शव को देखा। उन्होंने घटना की जानकारी परिजनों को दी। छात्रा के मां-बाप का कहना है कि आरोपी हमलोगों का रिलेटिव है। उसे दो साल पहले बेटी को नौकरी लगाने के लिए 6 लाख रुपए दिए थे। नौकरी नहीं होने पर पैसा वापस करने के लिए उस पर दबाव बनाया, तो उसने बेटी की हत्या कर दी। आरोपी का नाम मृत्युंजय कुमार भारद्वाज है। निधि 3 बहन में सबसे बड़ी थी। वो BBABU से BA की परीक्षा पास कर PG की पढ़ाई कर रही थी। उसके पिता धर्मेंद्र सिंह किसान है।

### ED ने संजीव हंस और गुलाब यादव पर एक और मनी लाउंड्रिंग का केस किया



**पटना।** आईएएस संजीव हंस और राजद के पूर्व विधायक गुलाब यादव पर ईडी ने एक और केस दर्ज किया है। पहले ही दोनों पर इसी प्रिवेंशन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट (पीएमएल) के तहत ईडी ने केस दर्ज कर रखा है। इन दोनों के अलावा दोनों के परिजनों समेत 11 नामजदों व अन्य पर भ्रष्टाचार से आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया है। इसी को आधार बनाकर ईडी ने पीएमएल एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। बिहार की जांच एजेंसी और केंद्र की जांच एजेंसी संजीव, उनकी पत्नी, पिता के अलावा गुलाब व उनकी पत्नी समेत इनके अन्य को समन देकर पूछताछ के लिए बुला सकती है। संजीव हंस और गुलाब यादव के चल और अचल संपत्ति की जांच ईडी ने शुरू कर दी है। एसवीयू भी अपने स्तर से इनके संपत्तियों की जांच कर रही है। इसी साल जुलाई में ईडी ने इन दोनों और इनके करीबियों के दो दर्जन ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी में दिल्ली, मोहाली, नोएडा, हिमाचल प्रदेश, पुणे समेत अन्य शहरों में करोड़ों के संपत्ति के दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य मिले थे। बैंक से लेनदेन के सबूत मिलने के साथ कैश और 15 कीमती घड़ियां जब्त की गई थी। ईडी संजीव को नोटिस देकर बुलाएगी और उनसे दिल्ली के द्वारिका और आनंदलोक की संपत्ति और अन्य निवेश के बारे में पूछताछ कर सकती हैं।

### भतीजे के श्राद्ध से लौट रही महिला की मौत, बेटा घायल

**पटना।** पटना में सड़क हादसे में मां की मौत हो गई, वहीं बेटा घायल हो गया। घटना बिहटा थानाक्षेत्र के श्रीरामपुर नया बाजार के पास औरंगाबाद SH- 2 की है, जहां एक हाईवा ट्रक ने स्कूटी सवार मां-बेटे को कुचल दिया। मौके पर ही मां की मौत हो गई। वहीं बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने सड़क जाम कर मुआवजे की मांग की । मृतका की पहचान दानापुर उसरी सिकारपुर गांव निवासी स्व. शिवदयाल वर्मा की पत्नी सोनामती देवी के रूप में हुई है। वहीं घायल बेटे की पहचान भीम सिंह के रूप में हुई है। महिला की चार बेटियां और एक बेटा था। दरअसल, सोनामती देवी अपने बेटे भीम सिंह के साथ स्कूटी से विक्रम के दतियाना अपने भतीजे स्व.सुदर्शन वर्मा के श्राद्ध कर्म से घर लौट रही थी। बिहटा-औरंगाबाद SH- 2 पथ के बिहटा थानाक्षेत्र के श्रीरामपुर नया बाजार के पास एक तेज रफ्तार हाईवा ने स्कूटी सवार मां-बेटे को कुचल दिया, जहां मां की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बेटा बुरी तरह से घायल हो गया, जिसका इलाज बिहटा के निजी अस्पताल में चल रहा है। इधर, मृतक के परिजन अविनाश कुमार ने बताया कि बिक्रम के दतियाना गांव से लौटने के दौरान हादसा हुआ। इधर मुआवजे को लेकर हम लोगों ने सड़क जाम किया। हालांकि स्थानीय प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जो भी सरकारी सहायता होगा वह दिया जाएगा। फिलहाल हाईवा को पुलिस ने जब्त कर लिया है। इस मामले पर बिहटा थानाध्यक्ष राजकुमार पांडे ने बताया कि नया बाजार के पास सड़क हादसे में एक महिला की मौत हुई है। बेटा घायल है। हाईवा को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है, साथ ही ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है।

# पटना में राहत सामग्री के लिए भागते-दौड़ते दिखे बाढ़ पीड़ित

एजेंसी, पटना।

पटना के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत तीन प्रखंड (बख्तियारपुर, अथमलगोला और मोकामा) के दियारा क्षेत्र बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। प्रभावित इलाकों में जनप्रतिनिधि और सामाजिक लोगों के द्वारा राहत सामग्री का वितरण जारी है। पानी में तैरती नाव ही यहां जिंदगी का एकमात्र सहारा है। हालात ऐसे हैं कि अब तो लोगों ने नाव पर ही घर बसा लिया है। बाढ़ को जिंदगी का हिस्सा मान चुके यहां के लोग आज दाने-दाने को मोहताज हैं। दियारा की हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो चुकी है। इसके कारण नाव को गांव की तरफ आते देख बूढ़े, महिलाएं और बच्चे सभी उस ओर दौड़ पड़ते हैं। नाव जिस इलाके में रूकती है, वहां भीड़ इकट्ठा हो जाती। हालांकि गंगा नदी के जलस्तर में दो दिनों से कमी



देखी जा रही है।

**चारे का इंतजाम करने में भी परेशानीः** बाढ़ पीड़ितों का कहना है घर डूब चुका है और जहां कम पानी है वहीं पशुओं को रखे हुए हैं। कभी कोई समाजसेवी आकर खिचड़ी खिलाते हैं, तो कोई सुखा भोजन देकर जाता है। पशुओं को खिलाने के लिए चारे का इंतजाम करने में परेशानी होती है। आपदा के समय में किसी तरह जीवन जीने को मजबूर हैं।

**बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करने की मांगः** पटना जिला

**बाढ़ में दाने-दाने को मोहताज लोग, राजद ने की बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करने की मांग**

राजद उपाध्यक्ष राजेश कुमार ने दियारा क्षेत्र को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करने की मांग की। उन्होंनें कहा कि लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। लोगों के घर डूब गए, लोग नाव में घर बनाकर रहने को मजबूर हैं। किसी तरह भोजन का प्रबंध हो पा रहा है। हरदासपुर दियारा पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लोग परेशान हैं। पंचायत के लोग किसी तरह भोजन कर पा रहे हैं, लोग नाव या मचान बनाकर रहने को मजबूर हैं। हालांकि जलस्तर में कमी से लोग राहत की सांस ले रहे हैं।

# लालू परिवार की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

एजेंसी, पटना।



**♦ लैंड फॉर जॉब मामले में आगे क्या हो सकता है, एक्सपर्ट बोले- चुनाव से पहले बीजेपी को हथियार मिल गया**

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ सकती है। लैंड फॉर जॉब मामले में केंद्र सरकार ने CBI केस चलाने की मंजूरी दे दी है। 18 सितंबर को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने जमीन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी किया था। पहली बार कोर्ट ने इस मामले में लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप को भी समन भेजा है। लालू यादव पहले से ही चारा घोटाला में सजायाफ्ता हैं। फिलहाल बेल पर हैं। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 15 अक्टूबर तय की है। इसी साल 7 जून को सीबीआई ने लालू समेत 77 अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया था। चार अक्टूबर-2023 को कोर्ट ने लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव व अन्य को नए आरोप पत्र के संबंध में जमानत दी थी। सरकारी अफसर या संसद के सदस्यों की गिरफ्तारी ऐसे नहीं की जा सकती। मामला जिस समय का है उस समय लालू यादव रेल मंत्री थे। केंद्र सरकार की अनुमति के बाद ही उनकी गिरफ्तारी की जा सकती है। ट्रायल चलाया जा सकता है। सीबीआई ने 18 मई 2022 को तत्कालीन रेल मंत्री, उनकी पत्नी, दो बेटियों, कई लोक सेवकों और अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। वर्ष 2004 से 2009 के समय जब रेल मंत्री लालू प्रसाद थे तब विभिन्न रेलवे जोन में ग्रुप-डी के पदों पर नियुक्ति नियमों की अनदेखी कर की गई थी।

# पटना में तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में मारी टक्कर

एजेंसी, पटना।

फतुहा में तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में 2 दो दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया।

**एक युवक की हालत गंभीरः** घायलों की पहचान बुद्धदेवचक गांव निवासी उमाशंकर प्रसाद के पुत्र राहुल कुमार(20) और अशोक कुमार के पुत्र पीयूष कुमार(18) के तौर पर हुई है। दोनों एक ही बाइक से फतुहा बाजार फैक्ट्री रोड से घर आ रहे थे, इस दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहुल के सिर में चोट लगी है, हालत गंभीर बताई जा रही है।



**♦ हादसे में 2 दोस्त गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में भर्ती, चालक मौके से फरार**

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हालः** वहीं, घटना की सूचना पर दोनों के परिजन भी अस्पताल पहुंचे। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने बताया कि जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस टीम को भेजा गया है। छानबीन की जा रही है।

# बंगाली अखाड़ा में बनारसी साड़ी से सजेंगी मां दुर्गा बंगाली साहित्यकार की थीम पर बनेगा पंडाल

एजेंसी, पटना।

पटना के बंगाली अखाड़ा में दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियां चल रही है। इस बार दुर्गा मां की प्रतिमा 12 फीट ऊंची होगी। वहीं, पंडाल को बंगाली साहित्यकार की थीम पर सजाया जाएगा। उनके तस्वीरों की बॉक्स बनाकर उसमें लाइटिंग की जाएगी। यहां 132 सालों से दुर्गा पूजा का आयोजन हो रहा है।

**पंचमी के दिन बंगाली अखाड़ा में होगी कलश स्थापनाः** पूजा समिति के वाइस प्रेसिडेंट समीर राय ने बताया कि बंगाली अखाड़ा में पंचमी के दिन कलश स्थापना की जाती है, जिसे बोधन कहा जाता है। हमारे यहां कलश पूजा नहीं बल्कि मूर्ति पूजा की जाती है। इसमें मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाती है और फिर उसे पूजा जाता है। षष्ठी के दिन देवी के दर्शन के लिए पट खुल जाते हैं। हर दिन सप्तमी, अष्टमी और नवमी को संध्या आरती के बाद धुनुची होगा।

**मां को चढ़ाए जाएंगे 108 कमल के फूलः** पुष्पांजलि के दिन भक्त उपवास करके मां की आराधना करते हैं। फिर मंत्र उच्चारण होता

**भागलपुरी कतरनी चावल से लगेगा पुलाव का भोग**



है और पुष्पांजलि का फूल मां को अर्पित करके प्रसाद ग्रहण किया जाता है। संधी पूजा अष्टमी और नवमी का मिलन होता है। संधी पूजा के दिन सुहागन महिलाएं 108 दिए जलाती हैं, जिससे मां की आरती की जाती है। फिर मां को 108 कमल के फूल, 108 बेलपत्र का माल, 108 उड़हुल फूल का माला मां को चढ़ाया जाता है और इसके बाद मां का जागरण किया जाता है।

**बनारसी साड़ी से सजेंगी मां दुर्गाः** इस साल मां को बनारसी साड़ी से सजाया जाएगा। वहीं, गणेश, कार्तिक के लिए धोती कोलकाता से आ रही है। हर दिन पूजा में तीन साड़ी, दो धोती और दो चादर चढ़ती है। पंचमी, षष्ठी, सप्तमी, अष्टमी और नवमी को 5 दिनों तक मंत्र से स्नान करवाने के बाद वस्त्र बदल जाता है। पूजा में 15 साड़ी, 24 गमछा, 10 धोती, 10 चादर, 15 जोड़ी शंका चूड़ी, 15 जोड़ी लाल चूड़ी, 15 लोहा चूड़ी की जरूरत पड़ती है।

**भागलपुरी कतरनी चावल से लगेगा पुलाव का भोगः** बंगाली अखाड़ा में सप्तमी, अष्टमी और नवमी को अलग-अलग भोग लगता है। सप्तमी और अष्टमी को खिचड़ी का भोग, वहीं नवमी के दिन पुलाव और मटर पनीर का भोग लगता है। देहरादूनी चावल से खिचड़ी बनेगी और भागलपुरी कतरनी चावल से पुलाव बनाया जाएगा। इन तीनों दिन खीर ,पूरी, सब्जी, खीर, हलवा, दनौरी, पापड़, चटनी सहित 11 पकवानों का भोग लगता है।

# दानापुर उपकारा के पीछे कचरे का अंबार, कैदियों का जीना मुहाल, छावनी परिषद ने कहा- मेरा क्षेत्र नहीं

एजेंसी, पटना।

दानापुर में उपकारा के पीछे कचरे का अंबार लगा हुआ है। इससे निकलने वाले बदबू से उस रास्ते से गुजरने वाले लोग नाक पर रूमाल रखकर आ जा रहे हैं। खासकर उपकारा में बंद विचाराधीन कैदियों का जीना मुहाल हो गया है। स्थानीय लोगों और दुकानदारों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर लोगों में आक्रोश है। इसके बाद भी छावनी प्रशासन और नगर परिषद प्रशासन द्वारा कचरे का उठाव नहीं किया जाता है। दुकानदार आदित्य कुमार ने बताया कि नगर निकाय चुनाव के बाद से ही ऐसी हालत है। छावनी परिषद का कहना है कि यह मेरा क्षेत्र नहीं है। नगर परिषद के तरफ से भी कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। चार दिन पहले उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि राजनाथ जायसवाल मौके पर पहुंचे और वीडियो बनाकर ले गए। इसके बावजूद अभी तक कचरा नहीं उठाया गया है। काफी परेशानी हो रही है।

**स्थानीय लोग और दुकानदार फेंकते हैं कचराः** वहीं दानापुर उपकारा अधीक्षक अनिल कुमार ने कहा कि छावनी परिषद के मुख्य

**उपकारा अधीक्षक बोले- लिखित शिकायत की गई है**



अधिशासी पदाधिकारी को लिखित शिकायत की गई है। उपकारा के पीछे फेंके हुए कचरे के अंबार से भारी परेशानी हो रही है। छावनी के मुख्य अधिशासी पदाधिकारी सपन कुमार ने बताया कि नगर परिषद के रहने वाले लोगों और दुकानदारों द्वारा छावनी क्षेत्र के सड़क किनारे कूड़ा-कचरा फेंका जाता है, लेकिन नगर परिषद प्रशासन द्वारा कचरे का उठाव नहीं किया जा रहा है।

# पटना में 30 मिनट में 7 लाख के गहनों की चोरी

एजेंसी, पटना।

पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक फ्लैट में चोरी कर ली। चोरों ने यह चोरी 30 मिनट में हीं कर ली। महिला अपने किसी रिश्तेदार के यहां मिलने गई थी। आधे घंटे में लौटी तो देखा कि घर का ताला कटा हुआ है। घर के आलमारी में रखे गहनों की चोरी हो चुकी है। इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने पूछताछ के लिए दो लोगों को उठाया है। दूसरे मामले में वैष्णो देवी के दर्शन करने गए एक परिवार के घर में घुसकर चोरों ने 5 लाख के गहने और 45 हजार रुपए की चोरी कर ली, जिसके बाद मामला दर्ज कराया गया है। शास्त्रीनगर थानाक्षेत्र के खाजपुरा में रहने वाली रेनू देवी ने बताया कि सोमवार की देर शाम वह अपने घर में ताला लगाकर अपने रिश्तेदार से मिलने बोरिंग रोड गई थी। आधे घंटे बाद घर लौटी तो देखा कि ताला काटकर बगल में फेंका हुआ है। घर के अंदर रखे गोदरेज का लॉक टूटा हुआ है। चोरों ने गोदरेज में रखे मंगलसूत्र, चेन, कान का झुमका, चांदी का पायल की चोरी कर ली। इन गहनों की अनुमानित कीमत लगभग 7 लाख रुपए थी।

**पांच लाख के गहने और नगद की चोरीः** वहीं दूसरे मामले में दीघा के मखदुमपुर में घर से पांच लाख के गहने और 45 हजार रुपया नगद की चोरी हुई है। मखदुमपुर में रहने वाले श्रवण कुमार ठाकुर ने शास्त्रीनगर थाना में मामला दर्ज कराया है। श्रवण ने बताया कि वह अपने पूरे परिवार के साथ वैष्णो देवी के दर्शन के लिए गये हुए थे। सोमवार की शाम जब वहां से लौटे तो देखा की घर के मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ है।

# पटना-पाटलिपुत्र जंक्शन पर बनेगा 4 स्टार होटल, कॉप्लेक्स, सिने मल्टिप्लेक्स, प्लेटफॉर्म के छत पर होगा निर्माण

एजेंसी, पटना।

पटना जंक्शन और पाटलिपुत्र जंक्शन की पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर मल्टीप्लेक्स का निर्माण किया जाएगा। भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन की तर्ज पर बिल्डिंग का डिजाइन होगा। लोगों को सारी सुविधाएं एक ही बिल्डिंग में मिलेगी। सुविधाएं विश्वस्तरीय होंगी। यहां 4 स्टार होटल, 4 रेस्टोरेंट, स्मार्ट पार्किंग, जिम की भी सुविधा होगी। पाटलिपुत्र और पटना जंक्शन के मल्टीप्लेक्स में सबसे नीचे या अंडरग्राउंड में रेल परिचालन किया जाएगा। जंक्शन के अंडर ग्राउंड में भी रेल कर्मचारी और अधिकारियों के लिए कमरा रहेगा। ऊपर शॉपिंग मॉल, कॉप्लेक्स, सिने मल्टिप्लेक्स, कैफेटेरिया, फोर स्टार होटल, रेस्टोरेंट, जिम, सहित विभिन्न तरह के सुविधा मिलेगी। यात्री शॉपिंग मॉल से एस्केलेटर्स और लिफ्ट के माध्यम से प्लेटफॉर्म पर उतरेंगे। पटना जंक्शन के एक नंबर से 10 नंबर प्लेटफॉर्म तक ऊपर छत



रहेगी। यात्रियों को छत से प्लेटफॉर्म पर उतरने के लिए हर प्लेटफॉर्म पर एस्केलेटर्स और लिफ्ट लगेगा।

**2.29 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा डीपीआरः** डीपीआर तैयार करने के लिए एजेंसी का चयन किया गया है। करीब 2.29 करोड़ रुपए की लागत से डीपीआर बनेगा। तीन माह पहले से पाटलिपुत्र और पटना जंक्शन पर सर्वे चल रहा है। रेलवे के मुताबिक दिसंबर तक सर्वे का काम पूरा हो जाएगा। पूर्व मध्य रेल की तरफ से डीपीआर स्वीकृति के लिए रेलवे बोर्ड को भेजा जाएगा। बोर्ड की तरफ से डीपीआर पर मुहर लगने के बाद बिल्डिंग निर्माण करने के लिए एजेंसी का चयन किया जाएगा। अमृत भारत योजना के तहत यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए पाटलिपुत्र और पटना जंक्शन की रि-मॉडलिंग की जा रही है। अभी तक पटना जंक्शन और पाटलिपुत्र जंक्शन पर पार्किंग

**चढ़ने-उतरने के लिए लगेंगे एस्केलेटर्स और लिफ्ट**

व्यवस्था ठीक नहीं है। लोग जैसे-तैसे पार्किंग करके चले जाते हैं। इस वजह से जाम की स्थिति रहती है। लेकिन, स्मार्ट पार्किंग में बिना परमिशन के अंदर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। गेट के आगे काउंटर पर ऑनलाइन और ऑफ लाइन टिकट दिखाना पड़ेगा। इसलिए दोनों जगहों पर स्मार्ट पार्किंग की सुविधा मिलेगी। छोटे-बड़े मिलाकर करीब हजार वाहनों की पार्किंग की क्षमता होगी। पार्किंग में आने-जाने वाले लोगों के चेहरा को स्कैन किया जाएगा। स्मार्ट पार्किंग में करीब 50 सीसीटीवी कैमरे होंगे। मॉल में यात्रियों को ट्रेन का टिकट दिखाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बिना टिकट के मॉल में प्रवेश कर सकेंगे। शॉपिंग मॉल से नीचे प्लेटफॉर्म पर उतरने के लिए यात्रियों को टिकट दिखाना पड़ेगा।

# बिहार में जहरीली शराब से 8 साल में 156 मौत

एजेंसी, पटना।

बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बाद 8 साल में 12 लाख 79 हजार लोग गिरफ्तार हुए हैं। अब तक इस कानून के तहत 8 लाख 43 हजार से ज्यादा FIR दर्ज की की गई हैं। इतना ही नहीं शराबबंदी वाले राज्य में 8 साल में 3 करोड़ की 46 लाख लीटर शराब भी बरामद हुई है। जबकि जहरीली शराब से 266 लोगों की मौत की बात सामने आई, लेकिन जांच में 156 की पुष्टि हुई है। ये आंकड़े मद्य निषेध विभाग के हैं। राज्य में शराबबंदी कानून को लेकर चल रही पॉलिटिकल बयानबाजी के बीच सचिव विनोद सिंह गुंजियाल ने आंकड़े जारी किए हैं। जीतनराम मांझी और प्रशांत किशोर के साथ कई पॉलिटिकल लीडर नीतीश सरकार के शराबबंदी कानून को लेकर बयान देर रहे हैं। बिहार में जहरीली शराब मौत के आंकड़े पर राजद हमलावर है। पार्टी के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि 'बिहार में शराबबंदी अभियान में कहीं न कहीं गरीबों को प्रताड़ित होना पड़ रहा है। जहरीली शराब रोकने के लिए सरकारी की स्तर से जो कोशिश करनी होगी वो नहीं हो रही है। सरकार के अंदर कुछ लोग शराब माफियाओं के मददगार बने हुए हैं। माफियाओं को संरक्षित किया जा रहा है, ये स्पष्ट रूप से दिख रहा है। शराबबंदी में अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत जहरीली शराब से हुई है। हजारों लोग जेल की सलाखों के अंदर बंद हैं।'



**जीतनराम मांझी के बयान के बाद बवालः** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा हाल ही में बयान दिया कि शराबबंदी में दलित और महादलित ही पकड़े जाते हैं। जज,अधिकारी और पैसे वालों पर कार्रवाई नहीं होती। मांझी के इस बयान पर बवाल मच गया।

**मांझी को रत्नेश सदा का जवाबः** मांझी के बयान पर पलटवार करते हुए मद्य निषेद मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि 'जीतन राम मांझी मुख्यमंत्री भी रहें हैं। वह बड़े नेता हैं। बड़े बयान देते हैं। उन पर मैं क्या कहूं। घर में अफसर, जज या कोई अधिकारी छुप कर पीता है और वह पकड़े जाते हैं। उन्हें सजा मिलती है। कार्रवाई भी होती है, जो नहीं पकड़े जाते हैं, वह बच जाते हैं।

**♦ 12.49 लाख लोगों की गिरफ्तारी, राजद बोली- सरकार के अंदर के लोग माफिया से मिले हैं**

**शराब माफिया गांजा की तरफ शिफ्टः** मद्य निषेद विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि 'अफीम की खेती को भी बर्बाद किया गया है। एक साल में 2500 एकड़ जमीन पर इसकी खेती की जा रही थी। औरंगाबाद गया और बाढ़ में अफीम की खेती को बर्बाद किया गया है। यह मद्य निषेध विभाग और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई है। यह कार्रवाई पिछले 1 साल में की गई है। शराबबंदी के बाद 8 लाख 30 हजार केस दर्ज हुए हैं। उसमें से 5 लाख से अधिक केस में सजा हुई है या जेल भेजे गए हैं। बिहार के बाहर के 234 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

# दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत पाँच युवक घायल

» बड़ी बात यह रही कि दुर्घटना मे घायल और मृतक सभी नाबालिक बताये जा रहे हैं

**चा० भूमि मैनाटाड़।** इनरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिड़ारी बरवा परसौनी मुख्य पथ में खेल मैदान के समीप सोमवार की देर शाम दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य युवक घायल हो गये। मृतक बाइक सवार इनरवा के पिड़ारी निवासी फैयाज अंसारी का पंद्रह वर्षीय पुत्र फजील अंसारी है । घायलों में पिड़ारी के सतीश गिरी का पुत्र आशीष गिरी (15 वर्ष),बरवा परसौनी के बरवा परसौनी गांव निवासी ध्रुप यादव के पुत्र सोनू यादव (16 वर्ष), भोला गद्दी के पुत्र नसरुद्दीन गद्दी(16 वर्ष), हीरालाल गद्दी के पुत्र नजालम गद्दी(17 वर्ष), खुर्शेद गद्दी (14 वर्ष) शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की देर शाम को मृतक फैयाज अंसारी अपने दोस्त आशीष गिरी के साथ दुध लाने बारवा परसौनी गांव गया हुआ था। जहां से दुध लेकर वापस लौट रहा था। तभी मुख्य पथ में खेल मैदान के समीप पिड़ारी से बरवा परसौनी की ओर जा रहे दूसरे बाइक सवार से आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गयी। दोनों बाइक की गति इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवारों का नियंत्रण नहीं हो पाया जिससे आमने-सामने की भीषण टक्कर में फजील अंसारी की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। अन्य पांच युवक खून से लथपथ गंभीर हालत में सड़क पर गिरकर छटपटाने लगे। वही रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने घायल अवस्था मे पड़े किशोरो को देख इसकी सूचना इनरवा पुलिस को दिया। थानाध्यक्ष बसंत कुमार के निर्देश पर पहुंची डायल 112 की टीम सहित ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनाटाड़ पहुंचाया गया। जहां फैयाज अंसारी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया है। इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि मृतक फैयाज अंसारी के शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया गया है। मामले को लेकर पुलिस अग्रतर कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

## पाँच लीटर शराब सहित एक तस्कर गिरफ्तार

**चा० भूमि मैनाटांड।** मानपुर पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर एक व्यक्ति को पाँच लीटर देशी चुलाई शराब के साथ गिफ्तार जेल भेज दिया हैं।मानपुर थाना अजय कुमार चौधरी ने बताया की । पाँच लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसके आधार प्राथमिकी कांड स० 62 /24 दर्ज़ किया गया है। गिरफ्तार अभिउक्त की पहचान रायचुन मांझी साकिन बकुलिया थाना मानपुर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर अतिक्रमण की शिकायत

**चाणक्य भूमि बगहा।** हक साहब ने अनुमंडल पदाधिकारी बगहा को आवेदन देकर कहा है कि बगहा -2 प्रखण्ड के अंतर्गत नरवल बरवल पंचयात के हिरौती चौक जो मुख्य मार्ग और ब्यस्त रोड और चौक है उसके उत्तर साइड में वहाँ के ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण किया गया है पक्का नाले पर कच्चा, पक्का घर बना लिया गया है और बरसात के पानी निकासी का जो कच्चा नाला बना है जो एक महीना से ऊपर हुआ उसको भी भर रहें हैं। साथ ही जो फुटपाथ पटरी है उस अपना निजी कार्य और भाड़े पर रेडी दुकान भी लगवाते हैं और गलत ढंग से पैसा उगाही करते है। फुटपाथ पटरी से आने जाने वालों को काफ़ी कठिनाई होता है कोई बकरा ज़बह करवाते है और उसका रक्त और गन्दगी उसी कच्चा नाला में बाहतें हैं जिस से सड़न और दुर्गन्ध होता है। जिससे संक्रमण फैलने और महामारी का खतरा है। उन्होने अनुरोध किया है कि उचित जाँच कर कार्रवाही करे।

## मोबाइल वेटनरी यूनिट से घर पर होंगा पशुओं का इलाज



**चा०भूमि कोटवा।** कोटवा प्रखंड के पशुपालक किसानों के लिए खुशखबरी है।बीमार पशुओं के इलाज के लिए किसानों को अब डॉक्टर के क्लीनिक का चक्कर नही लगाना होगा।एक कॉल पर पूरी मेडिकल टीम दवा एवं कीट के साथ आपके दरवाजे पर पहुंचेगी।प्रखंड के लिए पशु एवं मतस्य संसाधन विभाग द्वारा एक मोबाइल पशु चिकित्सालय वाहन उपलब्ध कराया गया है।जिसमे चिकित्सा से संबंधी सभी उपकरण एवं मेडिकल टीम उपलब्ध रहेंगे।जिसके लिए टोल फ्री नंबर जारी किया गया है।हेल्पलाइन नंबर 1962 है।पशुपालक किसान बीमार पशुओं के इलाज के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करेंगे।तत्काल चिकित्सीय उपचार के लिए पूरी मेडिकल टीम किसान के दरवाजे पर पहुंच जाएगी।और निशुल्क इलाज किया जाएगा।इस मोबाइल चिकितिसीय वाहन मे पशु चिकित्सक के साथ साथ अन्य कर्मी भी रहेंगे।पशु रोगों की पहचान,पशु चिकित्सा एवं लघु सर्जरी,कृत्रिम गर्वाधान की सुविधा से सुसज्जित है।साथ ही इन लोगो द्वारा पशु चिकित्सीय सलाह दी जाएगी।बीडीओ सरीना आजाद ने बताया की एक सप्ताह के अंदर यह विधिवत सेवा प्रदान करना शुरू कर देगा।

## मणि प्रकाश हत्या काण्ड मामले में आरोपियों के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**चा० भूमि केसरिया, पू.च।** विद्यालय रात्रि प्रहरी मणि प्रकाश हत्याकांड में फरार चल रहे दो आरोपियों के घर पर मंगलवार को पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। उक्त कार्रवाई न्यायालय के आदेश के आलोक में की गई है। बताया जाता है कि इस हत्याकांड के प्राथमिकी अभियुक्त पश्चिमी सुन्दरापुर के शशि राय व अप्राथमिकी अभियुक्त हसेन्द्र राय के घर पर बिजधरी थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने दलबल के साथ पहुँच इश्तेहार चिपकाया। साथ हीं बैंड बजाकर व माइक से प्रचार कर दोनों आरोपियों को इश्तेहार चिपकाने के 48 घंटे के अंदर पुलिस या कोर्ट के समक्ष सरेंडर करने की बात कही गई। सरेंडर नहीं करने की स्थिति में कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। इश्तेहार चिपकाने की कार्रवाई के समय केसरिया थानाध्यक्ष उदय कुमार, एसआई अनिल कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे। ज्ञात हो कि पश्चिमी सुन्दरापुर के मणि प्रकाश की हत्या 19 सितंबर को गोली मार कर दी गई थी। इस मामले में एक आरोपी जियालाल कुमार यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वहीं सोमवार को दो अन्य आरोपियों मनीष कुमार व सुबोध कुमार ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया।

# आगामी त्योहारों को लेकर डीएम और एसपी ने की बैठक

चाणक्य भूमि मधुबनी



मधुबनी जिले के समाहरणालय सभागार में डीएम अरविन्द कुमार की अध्यक्षता में आगामी दुर्गापूजा सहित सभी महत्वपूर्ण पर्व त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले एवं असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर कड़ी नजर रखने की बात कहीं। वहीं बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने एक स्वर में कहा जिले में सभी के सहयोग से शांति, सौहाद्रपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में मनाया जाएगा दुर्गापूजा सहित सभी अन्य पर्व-त्योहार।

जिले में शांतिपूर्ण एवं सौहाद्रपूर्ण माहौल में पर्व को मनाने को लेकर शांति समिति के सदस्यों ने कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। उसी दौरान जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने प्राप्त महत्वपूर्ण सुझाव के लिए सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा प्राप्त सुझाव के आलोक में होगी त्वरित करवाई। जिले के सभी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में तेजतर्रार दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी की होगी प्रतिनियुक्ति। जिलाधिकारी ने कहा कि विसर्जन/जुलूस के दरम्यान स्थानीय पुलिस करेगी स्कोर्ट, साथ ही ड्रोन कैमरे एवं वीडियो ग्राफी के जरिए जुलूस की होगी निगरानी। आगे वहीं उपस्थित पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने कहा कि पूजा पंडालों में अनिवार्य रूप से लगाना होगा सीसीटीवी कैमरा साथ ही सुरक्षा के सभी मानकों का करना होगा पालन, साथ ही आगे उन्होंने कहा कि डीजे सहित आपत्तिजनक एवं विवादित स्लोगन, गाने, कार्टून आदि पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध तथा विसर्जन के दौरान निर्धारित दिन से जुलूस के साथ रूट एवं समय का सभी को अनिवार्य रूप से करना होगा पालन, आगे उन्होंने कहा कि जिले के सभी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में तेजतर्रार दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारीयों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

उन्होंने आगे कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले और असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर रखी जायेंगी कड़ी नजर, साथ ही जिले के सभी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में तेजतर्रार दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। फिर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पूजा पंडालों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाना होगा। डीएम ने दुर्गापूजा जैसे आध्यात्मिक धार्मिक मौके पर अश्लील डांस के आयोजन पर पूर्ण प्रतिबंध होगा तथा पूर्णतया विधि व्यवस्था पर पूजा समितियों की जिम्मेवारी होगी तथा प्रशासन के तरफ से पूरी तरह से नजर रखी जाएगी और सहयोग भी किया जाएगा।

# पारम्परिक तरीका से आरोप सिद्ध करने की प्रथा

चा० भूमि योगापट्टी



» गरम लोहे की सलाख को हाथ पर रख हुई आरोप की जाँच

योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के बलुआ भवानीपुर पंचायत के परेगवा गांव वार्ड नंबर 5 में मंगलवार के सुबह लगभग 5:00 बजे रसूलपुर गांव में सोनेलाल नट के हाथ पर गर्म लोहे का रम्मा (रड) रखा गया। बताया जाता है कि सोनेलाल नट पर अपने पिता की संपत्ति हड़प लेने का आरोप उनके भाई मोतीलाल नट के द्वारा लगाया गया था। जाहा अपने समाज के लोगों के बीच पांच दिनों से पंचायती करवाया जिसमें मंगलवार के दिन सोनेलाल नट के हाथ पर गरम लोहे का रड रखा गया। हाथ पर नीचे पीपल के पत्ता भी रखा गया। लोहे के रखा गया रड उसका हाथ नहीं जला। इसे पता चला की संपत्ति को सोनेलाल नट नहीं रखा है।

नट जाति के लोगों का यह प्रथा है। लोगों का कहना है कि जब इनका हाथ नहीं जला तो इनके द्वारा सम्पती नही रखा गया है। मौके पर सैकडों की संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद रहे। नट समाज को लोगों का यह भी कहना है कि अगर हाथ नहीं जला तो आरोप सिद्ध नहीं हुआ। तो एक लाख रुपया हर्जाना के रूप में देना पड़ता है। पंचायत के स्थानीय सरपंच ने बताया कि मामले की जानकारी मुझे देर से मिली है। इन लोगो के द्वारा बिते पाच दिनो से पंचायती हो रहा था। उक्त दोनों व्यक्ति रसूलपुर गांव शनिचरी थाना क्षेत्र के विंध्याचल नट के पुत्र सोनेलाल नट और मोतीलाल नट है जो अपने रिश्तेदारी में परेगवा वार्ड नंबर 5 में रह कर पंचायती करवा रहे थे।

# एमआरएम महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया

चाणक्य भूमि दरभंगा



एमआरएम महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 24 सितंबर को मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेविकाओं द्वारा एनएसएस लक्ष्य गीत गाकर किया गया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. श्यामचंद्र गुप्त ने एनएसएस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा शक्ति अपनी प्रतिभा को सही दिशा एनएसएस के माध्यम से बेहतर तरीके से दे सकती है। विद्यार्थी जीवन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र और समाज की सेवा करना है और सच्चाई व अच्छाई के मार्ग पर चलकर देश को उन्नति व प्रगति के रास्ते पर आगे लेकर जाना है व हमें सबको साथ लेकर आगे बढ़ाना चाहिए। आगे राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के पदाधिकारी डॉ. शगुफ्ता खानम ने स्वयं सेविकाओं को एनएसएस की स्थापना के संबंध में जानकारी दी।

एनएसएस का इतिहास, समग्र उद्देश्य, राष्ट्र एवं व्यक्तित्व विकास में इसका महत्व बताया और कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का आदर्श वाक्य "नॉट मी बट यू" हमें निस्वार्थ भाव से सेवा करना सिखाता है और हमें समाज एवं अन्य लोगों के प्रति विचारशील होना चाहिए, अपने कर्तव्यों के लिए सजग रहना चाहिए, सदैव राष्ट्रहित के लिए कार्य करना चाहिए। सभी के कल्याण के साथ स्वयं का कल्याण जुड़ा होना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर विभिन्न स्वयं सेविकाओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शगुफ्ता खानम द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेविकाओं ज्योति रानी, कुमारी स्मिता, श्रुति कुमारी, कुमारी खुशी के सहयोग से किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं, कर्मचारीगण, राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेविकाएं एवं छात्राए उपस्थित रहें।

# 13 अक्टूबर को मनाया जाएगा "महाराजा हेमू" विजयोत्सव समारोह

चा० भूमि मोतिहारी



» भारत के अंतिम हिंदू सम्राट के विजयोत्सव की तैयारी पर हुई समीक्षा बैठक

भारत के आखिरी हिन्दू सम्राट महाराजा हेमचंद्र विक्रमादित्य हेमू शाह की विजयोत्सव दिवस के अवसर पर हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी हेमू विजयोत्सव समारोह का आयोजन आगामी 13 अक्टूबर को अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा, पूर्वी चम्पारण के तत्वावधान में मोतिहारी के विशाल विवाह भवन के प्रांगण में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम की तैयारी हेतु रविवार को देर शाम तक जिला जिलाध्यक्ष कैलाश गुप्ता के आवास पर संचालित कार्यालय में महासभा के संयोजक देवनारायण गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई है।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों के विचारोंपरांत दशहरा पूजा के मद्देनजर विजयोत्सव समारोह का आयोजन 07 अक्टूबर के बजाय 13 अक्टूबर को करने का निर्णय लिया गया। बैठक में लिए गए विचारोंपरांत यह तय हुआ कि समारोह में जिला के सभी प्रखंड व पंचायत स्तर तक के रौनियार बंधुओं को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष कैलाश गुप्ता सहित लालबाबू प्रसाद, सुमन कुमार उर्फ मांसा जी, मनीष कुमार, प्रमोद गुप्ता, हृदय गुप्ता, वेदप्रकाश गुप्ता, शिवजी प्रसाद, नंदकिशोर प्रसाद, संजय कुमार, श्यामबाबू प्रसाद, मुकेश कुमार, छोटेलाल प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी वर्ष में 7 अक्टूबर 2025 के विजयोत्सव समारोह के पूर्व ही जिला मुख्यालय मोतिहारी में प्रशासनिक सहयोग से जगह चिन्हित कर महाराजा हेमचंद्र विक्रमादित्य की प्रतिमा स्थापित करायी जायेगी।

# कैंटीन के संचालन को लेकर दोनों ईडीसी अध्यक्ष आमने सामने

चा०भूमि वाल्मीकिनगर



वन विभाग के सभागार में मंगलवार को ईको विकास समिति संतपुर एवं दरूआबारी गांव के सदस्यों के साथ जंगल कैंप में संचालित कैंटीन संचालन पर उठे विवाद को लेकर प्रशिक्षु डीएफओ स्टालिन फिडेल कुमार ने वरीय अधिकारियों के आदेश पर एक अहम बैठक की। बैठक में रेंजर राजकुमार पासवान, वनपाल आशीष कुमार, संतपुर ईडीसी अध्यक्ष राजेश काजी, दरूआबारी ईडीसी अध्यक्ष हरिनारायण काजी, उपाध्यक्ष पार्वती देवी, सचिव गुड्डू बीन, जंगल कैंप मैनेजर अभय चरण महतो,विजय तिवारी,गणेश महतो के साथ अन्य सदस्य शामिल रहे।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जंगल कैंप में संचालित कैंटीन के संचालन को लेकर उठे विवाद का समाधान करना था। बता दें कि वर्तमान में कैंटीन का संचालन संतपुर ईडीसी समिति के अध्यक्ष राजेश काजी के अधीन है। पूर्व में भी इस कैंटीन का संचालन संतपुर ईडीसी के अधीन था। इसको लेकर दरूआबारी ईडीसी अध्यक्ष हरिनारायण काजी ने वरीय अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर दावा किया है कि, जब पिछली बार संतपुर ईडीसी द्वारा कैंटीन का संचालन किया गया तो, इस बार दरूआबारी ईडीसी को कैंटीन संचालन की जिम्मेवारी मिलनी चाहिए। जबकि वन विभाग द्वारा जंगल कैंप से सटे होटल वाल्मीकि बिहार स्थित कैंटीन को दूसरे पक्ष को सौंपने की बात कही गई है। जिस पर दरुआबारी ईडीसी अध्यक्ष हरिनारायण काजी ने आपत्ति जताते हुए पूर्व से संचालित कैंटीन को लेने की बात पर अड़े रहे।

वन विभाग के द्वारा जंगल से सटे गांवों में वन्य जीव एवं वन संपदा संरक्षण में सहयोग के लिए ईको विकास समिति का गठन किया जाता है। जिसमें अध्यक्ष की भूमिकाअहम होता है और अध्यक्ष को ही जंगल कैंप में कैंटीन के संचालन की जिम्मेवारी सौंपी जाती है, जिसका कार्यकाल दो वर्षों का होता है। कैंटीन का संचालन कर रहे संतपुर ईडीसी अध्यक्ष का कार्यकाल 28 दिसंबर 2025 को समाप्त हो रहा है। विभाग के नियमों के अनुसार उनके कार्यकाल समाप्त होने के बाद ही कैंटीन संचालन की जिम्मेदारी अन्य ईडीसी के हाथों में सौंपी जा सकती है। जो अभी पूरा नहीं हुआ है।

कैंटीन के संचालन को लेकर दो गांवों के ईडीसी में उठे विवाद को लेकर आयोजित बैठक के दौरान कोई निर्णय नहीं निकल सका। इस बाबत प्रशिक्षु डीएफओ स्टालिन फिडेल कुमार ने बताया कि, दूसरे पक्ष को होटल वाल्मीकि विहार स्थित कैंटीन को संचालित करने के लिए कहा गया है। जिस पर वे राजी नहीं हुए, वे पूर्व से संचालित जंगल कैंप वाले कैंटीन को हीं लेने के लिए अड़े हुए हैं। दोनो पक्षो की डिमांड को वरीय अधिकारियों के पास भेजा जा रहा है। वरीय पदाधिकारी के निर्देश के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा।

# मामूली विवाद मे दोस्त ने चाकू मारकर किया घायल



चा० भूमि बेतिया

स्कूल में हुए विवाद की जानकारी क्लास टीचर को देने के बाद शिक्षक ने मामले को लेकर कोई कदम नहीं उठाया। जिससे गुस्साए युवक ने दुर्गाबाग स्थित भवन निर्माण कार्यालय के समीप उसने चाकू मारकर घायल कर दिया।

घायल छात्र की पहचान सुप्रिया रोड स्थित शान्ति नगर निवासी अमित नाथ तिवारी के 15 वर्षीय बेटा आर्यन शांडिल्य के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जल्द ही आरोपी छात्र को पकड़ लिया जाएगा।

# मधुबनी प्रमुख विजया सिंह ने स्वच्छता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

चा० भूमि बगहा



» बेहतर स्वास्थ्य ही भारत के लिए सुखी धन लाभ हैं

अनुमंडल क्षेत्र के मधुबनी प्रखंड कार्यालय परिसर से सोमवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता प्रचार वाहन को प्रखंड प्रमुख विजया सिंह व स्वच्छता प्रखंड पर्यवेक्षक पंकज कुमार ने संयुक्त रुप से स्वच्छता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान प्रमुख विजया सिंह ने बताया कि पूरे भारत में स्वच्छता पखवाड़ा आभियान चला कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जोआज मधुबनी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी 10 पंचायतों में लोगों को जागरूक करते हुए स्वच्छता अभियान को सफल बनाने हेतू अन्य जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं सैंकड़ों की तादाद में पहुंची महिलाओं ने प्रखंड प्रमुख विजया सिंह से मिलकर आवास योजना, वृद्धा पेंशन, किसान निधि तथा राशन कार्ड के लिए बिचौलियों के द्वारा जबरन वसूली किए जाने को लेकर प्रमुख विजया सिंह ने कहा कि चाहे वो बहुत बड़ा जनप्रतिनिधि हो आवास सहायक हो वार्ड तथा मुखिया क्यों नहीं हो यदि किसीभी कार्य के पैसे की मांग करते हैं तो किसी अन्य व्यक्तियों के द्वारा वीडियो तथा मोबाइल पर टेप कर लें तुरंत मुझे तथा मधुबनी बीडीओ को एक लिखित आवेदन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराएं। वहीं बिचौलियों को खुला संदेश दिया जा रहा है कि पहले वाली व्यवस्था अब चलने वाली नहीं हैं। इस तरह के कार्य करने वाले दोषियों के ऊपर करवाई होनी तय है। तथा जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# अश्विन ने अपनी बढ़ती उम्र को लेकर कप्तान रोहित के साथ हुई मजेदार बातचीत को किया साझा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के अनुभवी ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट के दौरान कप्तान रोहित शर्मा के साथ एक मजेदार बातचीत को साझा किया। 22 सितंबर को भारत की 280 रनों की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाने वाले अश्विन की ऑलराउंड प्रतिभा ने एक बार फिर उनकी बेहतरीन प्रतिभा को उजागर किया है। 38 साल की उम्र में, अश्विन अपनी निरंतरता और मैच जीतने वाले प्रदर्शनों के लिए प्रशंसा बटोर रहे हैं, जबकि भारतीय क्रिकेट टीम युवा खिलाड़ियों की ओर बढ़ रही है।



अपने नवीनतम यूट्यूब वीडियो में, अश्विन ने एक मजेदार किस्सा साझा किया कि कैसे उनकी पत्नी, प्रीति नारायणन ने दलीप ट्रॉफी के हाइलाइट्स देखते हुए उम्र के बारे में बातचीत शुरू की। प्रीति के सवाल के कारण अश्विन ने रोहित से उनकी उम्र के बारे में मजाकिया अंदाज में बातचीत की। भारतीय टीम के वरिष्ठ सदस्य अश्विन और रोहित दोनों ने अपनी बढ़ती उम्र की चिंताओं को दरकिनार करते हुए महत्वपूर्ण क्षणों में टीम के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, “”हम परसों कुछ हाइलाइट्स देख रहे थे। मेरी पत्नी ने मुझसे कुछ कहाः'ये ऑफ स्पिनर, गेंदबाजी करते समय अपने मन में आपको गाली नहीं दे रहे होंगे?' मुझे आश्चर्य हुआ कि ऐसा क्यों है और मुझे लगा कि वे सोच रहे होंगे कि 'वह कब हमारे लिए ब्रेक लेने के लिए निकलेंगे?'. अचानक, मुझे थोड़ा अजीब लगा। मुझे एहसास हुआ, हाँ, मैं अब उसी दौर में हूँ। जब हम छोटे थे, तब भी हम टीम में अपनी जगह के बारे में सोचते थे। हर कोई ऐसा करता है। जब मैं अब इसे देखता हूँ, तो यह मुझे वास्तविकता में ले जाता है। यह आपको एहसास कराता है कि आपने बहुत सालों तक खेला है।” अश्विन ने कहा, “मैंने आधिकारिक प्रसारण चैनल पर एक ग्राफिक देखा। उन्होंने साल-दर-साल का ब्योरा दिया था और यह 38वें नंबर पर समाप्त हुआ। मैं उस क्लब में अकेला हूं। फिर अचानक मैंने रोहित को देखा, वह मेरे पास से गुजर रहा था। मैंने उससे पूछा 'तुम्हारा जन्मदिन कब है?'। उसने कहा कि यह आने वाला है। मैं उसके जन्मदिन का इंतजार कर रहा हूं। फिर हम कुछ समय के लिए एक ही उम्र के हो जाएंगे।” चेन्नई टेस्ट के दौरान, अश्विन ने न केवल अपना छठा टेस्ट शतक बनाया, बल्कि छह विकेट भी लिए, जिससे उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। यह सम्मान 2021 में उनकी जीत के बाद चेन्नई में उनके लगातार दूसरे प्लेयर ऑफ द मैच सम्मान को दर्शाता है। उल्लेखनीय रूप से, अश्विन अब एक ही टेस्ट में शतक बनाने और पांच विकेट लेने की उपलब्धि हासिल करने के मामले में इयान बॉथम के बाद दूसरे स्थान पर हैं, उन्होंने ऐसा चार बार किया है। मैचों की चौथी पारी में अश्विन की उत्कृष्टता ने उन्हें भारत के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक के रूप में स्थापित किया है। चौथी पारी में 99 विकेट लेकर उन्होंने अनिल कुंबले के 94 विकेट के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है और खुद को भारत के गेंदबाजी आक्रमण में एक अपरिहार्य संपत्ति के रूप में स्थापित किया है। बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला में भारत की 1-0 की बढ़त में अश्विन का योगदान महत्वपूर्ण रहा है।

# डेविस कप फाइनल आठ मुकाबले के लिए स्पेन की टीम में शामिल हुए राफेल नडाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राफेल नडाल को नवंबर में मैलागा में होने वाले डेविस कप फाइनल आठ मुकाबले के लिए स्पेन की टीम में शामिल किया गया है। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने पेरिस 2024 ओलंपिक के बाद से कहीं भी प्रतिस्पर्धा नहीं की है, जहां वह पुरुष एकल में नोवाक जोकोविच से दूसरे दौर में हार गए थे, और कार्लोस अल्काराज़ के साथ जोड़ी बनाकर पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे, जहां उन्हें अमेरिकी ऑस्टिन क्राजिसेक और राजीव राम से हार का सामना करना पड़ा था।



पेरिस खेलों के बाद, नडाल ने स्वास्थ्य समस्याओं के कारण यूएस ओपन 2024 और लेवर कप 2024 से अपना नाम वापस ले लिया था। वह स्पेन की टीम में अल्काराज़, रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत, पाब्लो कैरेनो बुस्टा और मार्सेल ग्रैनोलर्स के साथ शामिल होंगे। डेविड फेरर टीम के कोच होंगे। शीर्ष आठ राष्ट्रों ने ग्रुप फ़ाइनल से क्वालीफाई किया और वे स्पेन के तटीय शहर में खेलेंगे। मेज़बान स्पेन का सामना नीदरलैंड से होगा जबकि कनाडा का सामना जर्मनी से होगा। मुकाबले में दो एकल और एक युगल निर्णायक होगा। मौजूदा चैंपियन इटली ग्रुप फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जैनिक सिनर के बिना था, जिसमें उसने अपने तीनों मुक़ाबले जीते थे, लेकिन दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मालागा में वापसी कर सकते हैं। उसका सामना अर्जेंटीना से होगा, जिसने ब्रिटेन और कनाडा सहित एक कठिन समूह से क्वालीफाई किया था। इटली और स्पेन ड्रॉ के विपरीत पक्षों पर हैं, जिसका अर्थ है कि सिनर और तीसरे स्थान पर रहने वाले कार्लोस अल्काराज़ के बीच संभावित फ़ाइनल मुक़ाबला हो सकता है। ग्रुप फाइनल में भी अमेरिका की स्थिति कमजोर थी, लेकिन 32 बार डेविस कप चैंपियन मलागा में अपने कुछ बड़े खिलाड़ियों को शामिल कर सकता है, जहां उसे ऑस्ट्रेलिया से आगे निकलने की जरूरत होगी, जो 28 खिताबों के साथ दूसरा सबसे सफल देश है। अंतिम आठ नॉकआउट राउंड 19-24 नवंबर के बीच पलासियो डी डेपोर्टेस जोस मारिया मार्टिन कार्पेना में होंगे।

# आईसीसी ने की महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को आगामी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के नौवें संस्करण के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी है। दस अंपायर और तीन मैच रेफरी 3 से 20 अक्टूबर तक संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित टूर्नामेंट का संचालन करेंगे।



अंपायरों के अनुभवी समूह में क्लेयर पोलोसाक सहित अनुभवी अधिकारी शामिल हैं, जो अपने पांचवें आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप में अंपायरिंग करेंगे, जबकि किम कॉटन और जैकलिन विलियम्स मेजबान दक्षिण अफ्रीका और अंतिम चैंपियन, ऑस्ट्रेलिया, के बीच।पिछले फरवरी में केप टाउन में हुए फाइनल की जिम्मेदारी संभालने के बाद अपने चौथे विश्व कप में अंपायरिंग करेंगे। सू रेडफर्न, जो उस फाइनल में टीवी अंपायर थीं, भी टूर्नामेंट में अपनी चौथी उपस्थिति के लिए वापस आ गई हैं। स्पेक्ट्रम के दूसरे छोर पर, जिम्बाब्वे की सारा दंबनेवाना अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराएंगी। मैच रेफरी की टीम में जीएस लक्ष्मी शामिल हैं, जिन्होंने 2012 में अपना पहला टी20ई रेफरी किया था और 2023 में फाइनल की देखरेख की थी। उनके साथ शैंड्रे फ्रिट्ज और मिशेल परेरा भी शामिल हैं, जो अपने दूसरे आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में रेफरी की भूमिका में हैं। आईसीसी के वरिष्ठ प्रबंधक - अंपायर और रेफरी, सीन इज़्ज़ी ने कहाः “आईसीसी को हमारे खेल में महिलाओं की उन्नति में योगदान देने पर गर्व है। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए मैच अधिकारियों की इस पूर्ण महिला लाइनअप की घोषणा करना अद्भुत है।

# फीफा ने लीगल हैंडबुक 2024 संस्करण प्रकाशित किया

**एजेंसी, जिनेवा**

विश्व फुटबॉल की नियामक संस्था फीफा ने सोमवार को लीगल हैंडबुक का 2024 संस्करण प्रकाशित किया, जिसमें दुनिया भर के फुटबॉल समुदाय को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए नवीनतम नियम, वैधानिक दस्तावेज और परिपत्र शामिल हैं। विश्व फुटबॉल शासी निकाय ने 2020 में पहले संस्करण के बाद से हर साल कानूनी पुस्तिका प्रकाशित की है। नए संस्करण में फुटबॉल संगठनों और मैचों पर लागू सभी नियमों और कानूनों में हालिया परिवर्तन और संशोधन शामिल हैं। अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों के अलावा,




कानूनी पुस्तिका के 2024 संस्करण में फीफा के नियमों के अद्यतन संस्करण, खिलाड़ियों की स्थिति और स्थानांतरण पर विनियम, तथा महिला खिलाड़ियों और कोचों के लिए नियामक ढांचा शामिल हैं।

# ईरानी कप 2024: रहाणे करेंगे मुंबई की कप्तानी, सरफराज को मैच के लिए किया जा सकता है रिलीज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अजिंक्य रहाणे लखनऊ में शेष भारत के खिलाफ 1 से 05 अक्टूबर तक होने वाले आगामी ईरानी कप मैच में रणजी ट्रॉफी चैंपियन मुंबई की अगुवाई करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, इस मैच में ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की भी सर्जरी के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी होगी। समझा जाता है कि श्रेयस अय्यर, मुशीर खान, शम्स मुलानी और तनुश कोटियन सहित सभी शीर्ष खिलाड़ी इस मैच में खेलेंगे। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि भारतीय टीम में शामिल सरफराज खान को इस मुकाबले के लिए चुना जाएगा या नहीं। बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर टेस्ट 27 सितंबर से शुरू हो रहा है और अगर सरफराज को प्लेइंग इलेवन में



नहीं चुना जाता है, जो कि हो सकता है, तो मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन अपने प्रमुख बल्लेबाज को ईरानी कप में खेलने देने का अनुरोध कर सकता है। टीम की घोषणा आज हो सकती है। यह समझा जाता है कि भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर शिवम दुबे, जो दोनों ही भारतीय टी20 टीम में स्वतः चयनित हैं, ईरानी कप नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें 6 अक्टूबर से शुरू होने वाली टी20आई श्रृंखला के लिए 3 अक्टूबर को ग्वालियर में रिपोर्ट करना होगा।

## व्यापार

# शेयर बाजार में तेजी का रिकॉर्ड, नए शिखर पर सेंसेक्स और निफ्टी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार आज लगातार पांचवे कारोबारी दिन मजबूती का नया रिकार्ड बनाने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली गिरावट के साथ हुई थी, लेकिन बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक ऑल टाइम हाई के नए रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गए। सेंसेक्स आज पहली बार 85 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा। हालांकि सुबह 10 बजे के करीब मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.07 प्रतिशत और निफ्टी 0.08 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा स्टील,




हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, जेएसडब्ल्यू स्टील, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन और अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर 3.29 प्रतिशत से लेकर 1.05 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, एलटी माइंडट्री और एचडीएफसी लाइफ के शेयर 1.41 प्रतिशत से लेकर 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,336 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,365 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 971 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 14 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 67.88 अंक की मामूली कमजोरी के साथ 84,860.73 अंक के स्तर पर खुला। गिरावट के साथ खुलने के बावजूद सेंसेक्स ओपनिंग के मामले में अभी तक के सबसे ऊंचे स्तर पर खुलने में सफल रहा। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक सुबह 10 बजे से थोड़ी देर पहले 85 हजार अंक के स्तर को पार करके 85,052.42 अंक के सर्वोच्च शिखर तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 60.89 अंक की तेजी के साथ 84,989.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 17.60 अंक की कमजोरी के साथ 25,921.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के कारण सुबह 10 बजे के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक अभी तक के सर्वोच्च स्तर 25,978.90 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद बिकवाली का दबाव बनने से इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 21.40 अंक की बढ़त के साथ 25,960.45 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

# एसएंडपी ने भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान 6.8 फीसदी पर रखा बरकरार

**एजेंसी का 2024-25 के लिए आर्थिक वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहने का अनुमान**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6.8 फीसदी पर बरकरार रखा है। एजेंसी ने उम्मीद जताई है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) अपनी अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती शुरू कर देगा। रेटिंग एजेंसी ने मंगलवार को जारी एशिया प्रशांत के आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान 6.8 फीसदी और वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को 6.9 फीसदी पर बरकरार रखा है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत में ठोस वृद्धि से आरबीआई मुद्रास्फीति को अपने लक्ष्य के अनुरूप लाने पर




ध्यान केंद्रित कर सकेगा। एजेंसी ने कहा कि कहा कि आरबीआई अपनी अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीति एमपीसी की समीक्षा बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती शुरू कर देगा। इससे पिछले हफ्ते जारी एक रिपोर्ट में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा था कि भारत वित्त वर्ष 2030-31 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी को बिग थ्री क्रेडिट-रेटिंग एजेंसियों में सबसे बड़ी माना जाता है, जिसमें मूडीज रेटिंग्स और फिच रेटिंग्स भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की विकास दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। वहीं, मूडीज रेटिंग्स ने पिछले महीने कैलेंडर वर्ष 2024 में 7.2 फीसदी और कैलेंडर वर्ष 2025 में 6.6 फीसदी की दर से जीडीपी बढ़ने का अनुमान जताया था।

# एआईआईबी की 9वीं वार्षिक बैठक में भाग लेने ताशकंद पहुंचीं सीतारमण

**एजेंसी, ताशकंद/नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को एशियाई बुनियादी ढांचा निवेश बैंक (एआईआईबी) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 9वीं वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए उजबेकिस्तान के ताशकंद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं। वित्त मंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री एआईआईबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 9वीं वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए पांच दिवसीय आधिकारिक दौरे पर ताशंकद पहुंचीं। ताशकंद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीतारमण का स्वागत उज्बेकिस्तान में भारत की राजदूत सुश्री स्मिता



पंत और उज्बेकिस्तान गणराज्य के निवेश, उद्योग और व्यापार मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और आलोक बैंक के निदेशक ने किया।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण 24 से 28 सितंबर, 2024 तक उज्बेकिस्तान की पांच दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। इस दौरान वह एआईआईबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की नौवीं वार्षिक बैठक में भाग लेंगी। वित्त मंत्री के साथ वित्त मंत्रालय के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी आया है।

# सर्राफा बाजार में उछला सोना, चांदी में मामूली गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में तेजी का रुख है। हालांकि चांदी की कीमत में आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। सोने के भाव में आई तेजी के कारण आज देश के सभी सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 76 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर पहुंच कर 76,310 रुपये से लेकर 76,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 69,960 रुपये से लेकर 69,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में गिरावट आने की वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 92,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 76,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 69,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 76,160 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 76,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 69,860 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# शंख एयर उड़ान भरने को तैयार, नागरिक उड्डयन मंत्रालय से मिली मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश की एक और एयरलाइन आसमान में उड़ान भरने के लिए तैयार है। इस एयरलाइन का नाम शंख एयर है। इस नई एयरलाइन को परिचालन के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। यह उत्तर प्रदेश की पहली विमानन कंपनी होगी, जिसका केंद्र लखनऊ और नोएडा में होगा। हालांकि, आधिकारिक तौर पर उड़ानें शुरू करने से पहले इसको नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से मंजूरी लेने की आवश्यकता होगी। कंपनी ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि शंख एयर को परिचालन शुरू करने की अनुमति मिल गई है। कंपनी के मुताबिक उत्तर



प्रदेश की पहली अनुसूचित एयरलाइन बनने जा रही है। शंख एयर लखनऊ और नोएडा को हब बनाएगी। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार एयरलाइन का लक्ष्य देशभर के प्रमुख शहरों को जोड़ना है, जो अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों मार्गों की पेशकश करती है। इसके अलावा कंपनी उच्च मांग और सीमित सीधी उड़ान विकल्पों वाले क्षेत्रों पर अपना ध्यान केंद्रित करेगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुमोदन पत्र के मुताबिक कंपनी को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और पूंजी बाजार नियामक सेबी आदि के नियमों के अनुसार संबंधित प्रावधानों का पालन करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसे संचालन के लिए जारी की गई नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) तीन साल के लिए मान्य होगी।

# क्या महापौर के भुगतान रोकने के आदेश का होगा पालन

चा० भूमि बेतिया



» महापौर ने आज कई योजनाओं के कार्यस्थल पर जाकर जाँच की और उनमें भारी अनियमितता पाये जाने पर उसके भुगतान पर रोक लगाने की बात कही

» कुछ लोग दबे मुहँ चर्चा करते पाये गये की आखिर क्या वज़ह है कि कनीय अभियंता मनीष कुमार के किसी कार्यों की जाँच क्यूँ नहीं की गई

नगर निगम क्षेत्र के अनेक वार्डों में जारी विभागीय विकास कार्यों में शिकायत पाकर महापौर गरिमा देवी सिकारिया मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान कनीय अभियंता सुजय सुमन, मनीष कुमार एवं अनेक लोग साथ रहे। इस दौरान ऐतिहासिक कालीबाग मंदिर के विवाह भवन के विभागीय जीर्णोद्धार में घटिया स्तर के ग्रिल एवं घटिया प्लास्टर के उपयोग को महापौर ने स्वयं पकड़ा। वही मंदिर परिसर में ही नाले की मरम्मती की स्वीकृत विभागीय योजना में महापौर ने पाया कि कनीय अभियंता द्वारा गलत ढंग से अनुरक्षण (रिपेयरिंग) मद की राशि से नया निर्माण का कार्य भी एनआईटी में डाल दिया गया है। अनुरक्षण मद की राशि से नया निर्माण करने पर सशक्त स्थायी समिति द्वारा पूर्व में रोक भी लगाई गयी थी। जांच के क्रम में नाले के विभागीय निर्माण में पुराने ईंटों के उपयोग एवं 4 इंच की जगह 2 इंच बेड की ढलाई को उन्होंने पकड़ा। इन विभागीय योजनाओं के बाबत पूछने पर जेई सुजय सुमन ने बताया कि कागजी अभिकर्ता भले ही हम हैं, लेकिन सारा निर्माण कार्य स्थानीय नगर पार्षद सहमत अली के आदमी द्वारा कराया जा रहा है। एवं कनीय अभियंता ने यह भी बताया कि मुझे इस साइट के बारे में कोई जानकारी भी नहीं है। विभागीय योजनाओं पर लोगों की शिकायत मिलने पर जांच के लिए पहुंची महापौर ने भारी अनियमितता पर उक्त विभागीय कार्यों पर रोक और इस मद में भुगतान पर भी रोक का आदेश दिया। इसके बाद महापौर ने वार्ड 12 में सड़क निर्माण की विभागीय योजना में जीएसपी डालने में लोकल सेंड का उपयोग होते पकड़ा।

महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि वार्ड आठ में भी बिना अमीन के प्रतिवेदन के ही नाला निर्माण की विभागीय योजना में सोलिंग कार्य में पुरानी ईंटों का उपयोग होने से लोगों की शिकायत उनके द्वारा जांच में सही पाई गई है। वार्ड 18 में मिली शिकायत पर जाँच के दौरान महापौर ने पाया कि विभागीय योजना के तहत लाखों के चार तोरण द्वार बिना अमीन के प्रतिवेदन के सड़क को अतिक्रमण कर के ही बनाया जा रहा है, जो आगे दुर्घटना का कारण बनेंगे, जिसकी कोई उपयोगिता भी नहीं है। साथ ही वार्ड 18 में ही लाखों की लागत से बन रहे मवेशी अस्पताल के चहारदिवारी से सटे विभागीय नाला निर्माण बिना किसी उपयोगिता, बिना किसी कनेक्टिंग लिंक एवं एक दो घर के लिए ही बनाया जा रहा है, जबकि उनके घरों का पानी नदी में पहले से ही जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस नाले के निर्माण शुरू होने से पहले ही इसकी उपयोगिता नहीं होने की बात बता दी गई थी। स्थानीय लोग ने ही यह भी बताया कि विभागीय योजना की आड़ में ये पार्षद के ही ठिकेदार बन जाने से कार्यों में घटियापन ज्यादा है। निरीक्षण के बाद महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इन सभी विभागीय योजनाओं के कार्य और उसके भुगतान पर रोक के साथ ही पूर्व में बोर्ड द्वारा पारित विभागीय योजनाएं जिनका अभी तक कार्यादेश नहीं जारी किया गया है, उन बाकी करोड़ों की सैकड़ों विभागीय योजनाओं के कार्यादेश पर रोक लगाई जाती है एवं बोर्ड से पारित उन बचे हुए योजनाओं के प्राक्कलन को नियमानुसार ई. टेंडरिंग की प्रक्रिया के तहत योजनाओं का आवंटन करने का निर्देश दिया जा रहा है। इसके साथ घटिया निर्माण की शिकायत करने वाले लोगों की महापौर ने तारीफ की। इसके साथ ही श्रीमती सिकारिया ने कहा लोगों की शिकायत के आधार पर उनके द्वारा आज लाखों की योजनाओं में भारी अनियमितता आज पकड़ी गई है। जबकि नगर निगम के सभी वार्डों में तीस करोड़ से ज्यादा की विभागीय योजनाएं जारी है। सभी विभागीय योजनाओं का प्राक्कलन हेवी बनाया या बनवाया गया है। विभागीय योजनाओं के एक एक करके क्रियान्वयन में देरी होने से सरकारी राशि भी लेप्स हो रही है। इसका सारा पैसा जनता जनार्दन की गाढ़ी कमाई है। इसलिए अपने आस पास की सरकारी योजनाओं पर हमारे एक एक नगर निगम वासी को अपनी नजर जरूर रखनी चाहिए।

# जीउतिया ब्रत को लेकर दूध की मांग बढ़ने से आम लोग त्रस्त

चा० भूमि मझौलिया

मंगलवार को जीवित पुत्र जीविका ब्रत को लेकर दूध की मांग एक बारगी बढ़ गयी।प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में दूध के लिए हाहाकार मचा रहा। दूध को लेकर दुकानदार अग्रिम बुकिंग पर भी दूध की आपूर्ति नहीं कर पाये। यहां दो दिनों में सुधा डेयरी, मदर डेयरी सहित विभिन्न डेयरी के 30 हजार लीटर दूध की आपूर्ति की गई। बावजूद इसके मंगलवार को दोपहर बाद बाजार से दूध पूरी तरह से आउट ऑफ स्टॉक रहा। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सुधा डेयरी के स्टॉकिस्ट शम्भू मिष्टान भंडार के प्रोपराइटर संजय कुमार ने बताया कि एकबारगी मांग बढ़ गयी। प्रतिदिन दूध देनेवाले ग्वाला भी लालच में आकर दूध आपूर्ति नही कर पाये। इस ब्रत को लेकर नोनी का साग, झिंगुणी का पता और मडुआ का आटा की खपत बढ़ गयी। पूरे नेम टेम के साथ सुहागिन महिलाएं इस ब्रत को कर रही है।बुधबार को पूर्ण रूप से उपवास रहेगा।






# मारवाड़ी युवा मंच द्वारा दो दिवसीय कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम संपन्न

चा० भूमि बगहा



» इस कार्यक्रम में मंच द्वारा 53 दिव्यांगों को कृत्रिम पैर एवं वैशाखी देकर उनके चेहरे पर मुस्कान बिखेरी गई

मारवाड़ी युवा मंच बगहा शाखा द्वारा कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम दिनांक 21 सितंबर से 23 सितंबर 2024 तक किया गया। 23 सितंबर को कार्यक्रम के समापन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज एवं विशिष्ट अतिथि बगहा एसडीपीओ कुमार देवेंद्र ,गृह रक्षा वाहिनी के कमांडेंट अनिल कुमार वर्मा एवं नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार उपस्थित रहे। सभी को मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री कृष्णा राजगढ़िया, प्रांतीय संयोजक उमेश अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, मंच अध्यक्ष प्रेम रूँगटा ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम संयोजक संदीप बैरासिया ने बताया कि इस कार्यक्रम के द्वारा 53 दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ पैर एवं वैशाखी देकर उन्हें लाभान्वित किया गया।

इस अवसर पर बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज व नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने मारवाड़ी युवा मंच के सभी सदस्यों को इस पुनीत कार्य के लिए हौसला अफजाई करते हुए कहा समय समय पर समाज में ऐसे काम होते रहना चाहिए। इस प्रकार के सामाजिक कार्य के लिए मैं मारवाड़ी युवा मंच के साथ सदैव खड़ा हूं। अगर कोई सहयोग चाहिए तो आप बेहिचक बात कर कर सहयोग ले सकते है। कार्यक्रम में महेश बैरासिया, श्याम भालोटिया, प्रीतम बैरसिया, राम अग्रवाल, राघव नाथानी, केशव खेमका, शशांक तुलस्यान, नीतीश तुलस्यान, नारायण अग्रवाल, टिल्लू टिबडेवाल, साकेत रुंगटा, रोहित रुंगटा एवं अन्य सभी मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के कार्यकर्ता पिछले कई दिनों से लगे रहे तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में इनकी सराहनीय भूमिका रही।

# मैनाटाड़ थानाध्यक्ष ने सीएसपी संचालकों के साथ की बैठक

चा० भूमि मैनाटाड़



» बैठक में थानेदार मंटू कुमार ने सीएसपी संचालकों को सुरक्षा के उपायों के बारे मे बताया

थाना परिसर में थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने सीएसपी संचालकों और फाइनेंस कर्मियों के साथ एक बैठक की। बैठक में ग्राहक सेवा केन्द्रों और फाइनेंस बैंकों की सुरक्षा के लिए कई आवश्यक निर्देश भी दिया। थानेदार ने सभी ग्राहक सेवा केंद्र पर सी सी टीबी कैमरा लगाने की बात प्राथमिकता से कही। उन्होंने कहा कि कोई भी सीएसपी संचालक बैंक से पैसा निकालने जाता है या जमा करने जाता है तो इसकी सूचना पुलिस को होनी चाहिए। मैनाटाड़ पुलिस सदैव आप की सेवा में तत्पर है।

थानेदार ने कैश ले जाते समय विशेष चौकसी बरतते हुए कैश बैग के अंदर चालू हालत में मोबाइल रखने की भी बात कही। मौके पर रामकिशोर प्रसाद कुशवाहा, नसमुल सुनील पटेल, अंकित कुमार, छोटेलाल कुशवाहा आदि मौजूद रहें। उधर इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने भी अपने क्षेत्र के सीएसपी संचालकों के साथ बैठक कर सुरक्षा निमित्त कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।









# नेपाली कलाकारों के झमटा नृत्य ने वाल्मीकिनगर बाजार में बांधा समा

चा० भूमि वाल्मीकिनगर



नेपाली महिलाओ ने दोनो देशो की समृद्ध व संस्कृत विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से लवकुश घाट पर झमटा नृत्य प्रस्तुत किया। इस आयोजन में दोनों देशों के संबंध व उसके सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली। नेपाली महिलाओं ने भारतीय क्षेत्र के तीन आरडी पुल एवं लवकुश घाट में झमटा नृत्य प्रस्तुत किया। इस बाबत नेपाली महिलाओ ने बताया कि पुत्र के लंबी उम्र की कामना को लेकर दोनो देशो में जीवित्पुत्रिका व्रत का विशेष महत्व है। अपने बच्चों को जीवन में हर संकट से बचाने के लिए मां इस व्रत को करती है। भारतीय सीमा से सटे नेपाल में भी इस व्रत का कुछ अलग महत्व है। नहाए खाए से शुरू होने वाले इस व्रत में नेपाली महिलाएं विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन कर अपना और लोगों का मनोरंजन करती हैं।

मंगलवार के दिन नहाए खाए से शुरू हुए इस महान पर्व में नेपाल की महिलाएं भारतीय क्षेत्र में पहुंच झमटा नृत्य कर अपने पुत्र की लंबी उम्र के लिए लोगों से आशीर्वाद के साथ-साथ दान भी लिया। नेपाली महिलाओं द्वारा प्रस्तुत की गई मनमोहक झमटा नृत्य की प्रस्तुति देख स्थानीय लोग झूम उठे। भारतीय क्षेत्र में आकर अपनी कला का प्रदर्शन करने वाली लगभग दो दर्जन नेपाली महिलाओं ने भारतीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों के रहन-सहन और व्यवहार की सराहना की। नेपाल में इस पर्व को नृत्य संगीत के साथ मनाने का एक ही कारण है कि, हंसी खुशी से दिन बीत जाए और किसी भी महिला को व्रत का बोझ न महसूस हो सके।

# घरेलु विवाद मे युवती ने पिया कीटनाशक ईलाज जारी

चा० भूमि बगहा

नौरंगिया थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव में एक 18 वर्षीय युवती ने भाई से हुये मामूली विवाद में कीटनाशक पी लिया। उसके बाद हालात बिगड़ते देख परिजनों द्वारा आनन-फानन मे इलाज के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवती की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

युवती की पहचान स्वर्गीय हीरा यादव की 18 वर्षीय पुत्री लक्की कुमारी के रुप में हुई है। वहीं परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार बहन भाई में कुछ कहा सुनी हुई है जिस पर भाई ने एक थप्पड़ मार दिया जिससे युवती नाराज होकर घर में रखे कीटनाशक पी लिया। खेत में देने के लिए घर में कीटनाशक रखा गया था।

# पेशाब करने को लेकर हुई मारपीट में चार घायल

चा० भूमि बगहा

नगर थाना क्षेत्र के मलपुरवा मोहल्ले में दो पक्षों के बिच जमकर हुई मारपीट में दो महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सक डॉ. अरुण कुमार यादव ने बताया कि स्थिति सामान्य है।

घायलों में एक पक्ष से मदन शाह व उनकी 55 वर्षीय पत्नी राजकली देवी उसके 22 वर्षीय पुत्र परशुराम साह और दूसरे पक्ष से कुंज बिहारी कुशवाहा व उनकी पत्नी संध्या देवी शामिल है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार सड़क पर बच्चों को पेशाब करने के लिए को लेकर विवाद शुरू हुआ जो धीरे धीर मारपीट में तब्दील हो गया। स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों के बिच झगड़ा को शांत कराया।

# बेतिया में 28 को होगा जॉब कैम्प का आयोजन

चा० भूमि मझौलिया

आगामी शनिवार को श्रम संसाधन विभाग द्वारा जिला नियोजनालय, पश्चिम चम्पारण, बेतिया के प्रांगण में जॉब कैम्प का आयोजन होगा। इस दिन इच्छुक अभ्यर्थी जॉब कैम्प में नियोजक से जॉब के विषय में जानकारी प्राप्त कर अपना आवेदन/बायोडाटा जमा कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी का एनसीएस पोर्टल पर निबंधन कराना अनिवार्य है। यह जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी मुकुंद माधव ने दी। उंन्होने बताया कि क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड कंपनी द्वारा केन्द्र मैनेजर के पद पर कार्य करने हेतु इंटर पास इच्छुक कुल-20 अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को 15250 रूपया प्रतिमाह मानदेय सहित पीएफ, इएसआइसी, बोनस आदि भी प्रदान की जायेगी। महिला अभ्यर्थियों का कार्यक्षेत्र होम डिस्ट्रीक्ट होगा।









# बखरिया में जनसुराज की बैठक मे उमड़ी भीड़

चा० भूमि मझौलिया



» जन सुराज नेता पूर्व आईपीएस ने युवकों को किया जागृत

जन सुराज के वरीय नेता सह पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा का युवा नेताओ ने बखरिया ठरेसरी चौक स्थित जयमातादी परिसर में भव्य स्वागत किया। पूर्व आईपीएस श्री मिश्रा ने कहा कि जनसुराज सुप्रीमो प्रशांत किशोर ने जमीन सर्वे पर की गयी भविष्यवाणी सच साबित हुई। जमीन सर्वे को लेकर बिहार के लोगों में व्यापक तौर पर गुस्सा दिखाई दे रहा है। इसी ज़मीनी हकीकत को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि बिहार सरकार जल्द ही जमीनों के सर्वे को टाल सकती है। मीडिया में इसको लेकर चर्चा चल रही है।

उंन्होने कहा कि शुरुआत से ही बिहार सरकार द्वारा शुरू किये गए ज़मीन सर्वे के तरीके पर सवाल उठाया है। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा है कि जिस तरह से इसको लागू किया जा रहा है उससे अगले 6 महीने में हर घर, हर गांव- पंचायत में जमीन के मालिकाना हक के लिए झगड़े होंगे। इस सर्वेक्षण को बिना किसी तरह की तैयारी और संसाधन की व्यवस्था किए शुरू किया गया है। यह ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि कुछ दिन पहले बिहार में ज़मीन रिकॉर्ड का डिज़िटाइज़ेशन किया गया, जो की बिना किसी तैयारी के बाहरी एजेंसी के द्वारा करा दिया गया था। जिसमें यह तय हुआ कि जो ज्यादा डिज़िटाइज़ेशन करेगा, उसे उतना ही ज्यादा पैसा मिलेगा। इसी के चलते हड़बड़ी में किसी की ज़मीन किसी के भाई के नाम और भाई की ज़मीन भतीजे के नाम पर कर दी गयी, जिससे गाँवो के स्तर पर कोहराम मच गया। इसलिए फिर से हड़बड़ी में बिना किसी तैयारी के ज़मीन सर्वे लाया गया जो की आने वाले समय में ज़मीन से संबंधित झगड़ो का सबसे बड़ा कारण बनने वाला है।

मौके पर जिला परिषद सदस्य लालू यादव, मझौलिया के उपप्रमुख नरेश यादव ,धनंजय तिवारी, रंजन शुक्ला, अरविंद कुमार, साधु सहनी, उमाशंकर केशरी, राजू पासवान, मुन्ना पासवान और पारस पटेल ने अपना-अपना बिचार व्यक्त किया। इसके बाद पूर्व आईपीएस श्री मिश्रा का काफिला बेतिया, लौरिया और रामनगर के लिए कूच किया।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714